आर.एन.आई नं. 69777/98 / डाक पंजीयन-मालवा डिवीजन/328/2020-22

दैनिक
# हिन्दकुश

hindkush.in jagrayam.com

वर्ष - 27 | अंक - 244 | उज्जैन, गुरुवार 24 जुलाई 2025 | कुल पृष्ठ - 8, | कीमत -1 रुपया

## स्किल ही करेंसी है, युवाओं के लिए आईटी और एग्रीकल्चर क्षेत्र में शुरू हुए रोजगारपरक कोर्स-मुख्यमंत्री

भोपाल। राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल ने कहा है कि स्थानीय स्तर पर रोजगार की संभावनाओं को पहचान कर विश्वविद्यालय पाठ्यक्रम तैयार करें। उन्होंने प्रदेश में देश विदेश से निवेश प्रस्ताव प्राप्त करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव की पहल की सराहना की है। अपेक्षा की है कि निवेश परियोजना क्रियान्वयन के साथ ही उद्योग में रोजगार के लिए उपयुक्त अभ्यर्थी उपलब्ध कराने के लिए कोर्स प्रारम्भ करें, जिससे परियोजना शुरू होने के साथ ही आवश्यकता अनुसार स्थानीय स्तर के युवा उपलब्ध हो सकें।



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि आज करेंसी का जमाना है, लेकिन स्किल (कौशल) ही करेंसी है, भारत इसे अच्छी तरह समझता है। इसीलिए हम नवाचार करते हुए कौशल विकास की ओर कदम बढ़ा रहे हैं। मध्यप्रदेश एक कृषि प्रधान और तेजी से बढ़ता राज्य है। इसीलिए हम खेती की पढ़ाई को सामान्य महाविद्यालयों तक लेकर गए हैं। अगर कोई युवा खेती में करियर बनाना चाहे तो उसे आधुनिक तकनीक की जानकारी होनी चाहिए। विश्वविद्यालयों के दायरे विस्तृत होने चाहिए। सभी कोर्स यहां से संचालित होने चाहिए।

राज्यपाल श्री पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उक्त विचार उच्च शिक्षा विभाग द्वारा विकसित मध्यप्रदेश ञ्च2047 'रोजगार आधारित शिक्षा-रूझान एवं नए अवसर' विषय पर आयोजित राष्ट्रीय कार्यशाला को संबोधित करते हुए कही है। कार्यशाला का आयोजन बुधवार को कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में किया गया।

राज्यपाल श्री पटेल ने कहा कि राष्ट्रीय रोजगार आधारित शिक्षा-रूझान एवं नए अवसर कार्यशाला समय की आवश्यकता है। भविष्य की तैयारी का सशक्त मंच है। रोजगार केन्द्रित शिक्षा और विकसित भारत के निर्माण में प्रदेश के योगदान को बढ़ाने की प्रभावी पहल है।

## देश को जल्द मिलेंगे नए उपराष्ट्रपति, जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग ने शुरू की प्रक्रिया




नई दिल्ली (एजेंसी)। पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के इस्तीफे के बाद चुनाव आयोग ने उपराष्ट्रपति पद की चुनावी प्रक्रिया शुरू कर दी है। उन्होंने स्वास्थ्य संबंधी कारणों से सोमवार की देर रात इस्तीफा दे दिया था।

उपराष्ट्रपति का चुनाव लोकसभा और राज्यसभा के सभी सदस्य मिलकर करते हैं। सत्ताधारी दल ह्ष्ठ के पास उपराष्ट्रपति चुनने के लिए पर्याप्त सांसद मौजूद हैं। ऐसे में कयास लगाए जा रहे हैं कि देश को जल्द ही नए उपराष्ट्रपति मिल सकते हैं।

संसद में 6 सीटें खाली- बता दें कि वर्तमान में लोकसभा की 543 सीटों में से एक सीट और राज्यसभा की 245 सीटों में से 5 सीटें खाली हैं। पश्चिम बंगाल की बशीरहाट सीट से कोई लोकसभा सांसद नहीं है। वहीं, राज्यसभा में जम्मू कश्मीर की 4 और पंजाब की 1 सीट खाली है।

कैसे बनते हैं उपराष्ट्रपति- दोनों सदनों में सांसदों की कुल संख्या 786 है और उपराष्ट्रपति का चुनाव जीतने वाले उम्मीदवार को महज 394 मतों की आवश्यकता है यानी 394 का बहुमत हासिल करके उपराष्ट्रपति बना जा सकता है। इस चुनाव में राज्यों की विधानसभा या विधान परिषद की कोई भूमिका नहीं होती है।

## शहरों में 5 डिग्री तक बढ़ा तापमान, दिल्ली में बाढ़ का खतरा; विश्व बैंक की चौंकाने वाली रिपोर्ट



नई दिल्ली (एजेंसी)। भारत के प्रमुख शहरों में रात का तापमान आसपास के ग्रामीण इलाकों से कितना अधिक रहता है, इस पर वर्ल्ड बैंक की एक चौंकाने वाली रिपोर्ट सामने आई है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, दिल्ली, चेन्नई, लखनऊ जैसे घनी आबादी वाले शहरों में रात के समय तापमान काफी अधिक रहता है।

इस रिपोर्ट ने न सिर्फ आने वाले समय में घनी आबादी वाले इलाकों में गर्मी के बढ़ते खतरे की ओर इशारा किया गया है, बल्कि इसकी गंभीरता और वजह पर चिंता जताई गई है। रिपोर्ट में भारत के 24 शहरों को शामिल किया गया है। इसमें चेन्नई, इंदौर, नई दिल्ली, लखनऊ, सूरत और तिरुवनंतपुरम शामिल हैं।

लखनऊ और अन्य शहरों का बुरा हाल- वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत के प्रमुख शहरों में रात का तापमान पूरे साल आसपास के ग्रामीण इलाकों के तापमान से 3-4 डिग्री अधिक रहता है। इसका मुख्य कारण स्ट्रक्चर, सड़कें और दूसरे इंफ्रास्ट्रक्चर हैं।

## दिल्ली, नोएडा और गुजरात से अल-कायदा के 4 आतंकी गिरफ्तार, ATS ने जारी की आतंकियों की तस्वीरें



नई दिल्ली (एजेंसी)। गुजरात एटीएस ने अल-कायदा से जुड़े 4 आतंकियों को गिरफ्तार किया है। एटीएस ने इनकी तस्वीरें भी जारी की हैं। न्यूज एजेंसी एएनआई के मुताबिक, गिरफ्तार किए गए व्यक्तियों के लिंक AQIS से मिले हैं।

इस मामले में एटीएस की तरफ से अभी तक विस्तृत जानकारी नहीं दी गई है। गुजरात एटीएस के डीआईजी सुनील जोशी ने बताया कि एजेंसी की तरफ से जल्द ही एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर पूरी जानकारी मुहैया कराई जाएगी।

सोशल मीडिया पर अल-कायदा से जुड़े- गुजरात एटीएस ने जिन आतंकियों को गिरफ्तार किया है, वह नकली नोटों के रैकेट और आतंकी समूह की विचारधारा को फैलाने में शामिल थे। एजेंसी ने इन्हें गुजरात, दिल्ली और नोएडा से गिरफ्तार किया है।

आतंकवादियों की पहचान मोहम्मद फाइक, मोहम्मद फरदीन, सेफुल्लाह कुरैशी और जीशान अली के रूप में हुई है। सभी आतंकी अलकायदा की विचारधारा को फैलाने के लिए सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स और संदिग्ध एप्स का इस्तेमाल करते थे। उनके चैट और सोशल मीडिया हैंडल का एनालिसिस किया जा रहा है।

अधिकारियों ने बताया कि आरोपी लंबे समय से आतंकी समूह से जुड़े हैं। वह सोशल मीडिया के जरिए ही इसके संपर्क में आए थे। आतंकी गतिविधियों पर चर्चा करते हुए वह एटीएस की रडार पर आए थे। वह जिस एप पर बात करते थे, उससे मैसेज भेजने के बाद ऑटोमेटिक डिलीट हो जाता था।

## मेरे लिए ये ठीक नहीं होगा, जस्टिस वर्मा मामले में CJI गवई ने खुद को सुनवाई से क्यों किया अलग?



नई दिल्ली (एजेंसी)। इलाहाबाद हाई कोर्ट के जज जस्टिस यशवंत वर्मा ने सुप्रीम कोर्ट से अपील की है कि उनकी याचिका पर जल्द से जल्द सुनवाई हो।

यह याचिका एक इन-हाउस जांच कमेटी की उस रिपोर्ट को रद करने के लिए दायर की गई है, जिसमें उन्हें नकदी कांड में गलत आचरण का दोषी ठहराया गया है। जस्टिस वर्मा ने इस मामले को गंभीर बताते हुए इसे तुरंत सुनने की अपील की है।

वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल ने सुप्रीम कोर्ट में यह मामला उठाया। उन्होंने चीफ जस्टिस बी आर गवई से अनुरोध किया कि इस याचिका को जल्द से जल्द सूचीबद्ध किया जाए, क्योंकि इसमें कुछ अहम संवैधानिक सवाल उठाए गए हैं। चीफ जस्टिस गवई ने कहा, ÷मुझे एक बेंच गठित करनी होगी÷ गौरतलब है कि इस याचिका पर सुनवाई करने से सीजेआई बीआर गवई ने खुद को अलग कर लिया है। उन्होंने कहा है कि उनके लिए इस मामले की सुनवाई करना उचित नहीं होगा क्योंकि वह जस्टिस वर्मा से जुड़े विवाद पर बातचीत का हिस्सा थे।

सीजेआई ने बाद में साफ किया कि न्यायालय इस पर फैसला लेगा और जस्टिस वर्मा की याचिका पर सुनवाई के लिए एक उपयुक्त बेंच नियुक्त करेगा।

जस्टिस वर्मा ने अपनी याचिका में तत्कालीन चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया संजीव खन्ना की 8 मई की उस सिफारिश को रद करने की मांग की है, जिसमें संसद से उनके खिलाफ इम्पीचमेंट की कार्रवाई शुरू करने की बात कही गई थी।

## सर अभी आपका नंबर नहीं आया है, मुंबई के अस्पताल में रिसेप्शनिस्ट ने रोका तो शख्स ने बरसाए लात-घूंसे



नई दिल्ली (एजेंसी)। महाराष्ट्र के कल्याण स्थित एक निजी अस्पताल से हैरान करने वाला वीडियो सामने आया है। एक युवक ने अस्पताल की रिसेप्शनिस्ट को बेरहमी से पीटा है। मरीज को दिखाने लाया आरोपी शख्स लगातार डॉक्टर से मिलने की जिद कर रहा था। ऐसे में रिसेप्शनिस्ट ने उसे रोका, जिसके बाद उसने रिसेप्शनिस्ट को पीटना शुरू कर दिया। यह मामला कल्याण के श्री बालाजी चिल्ड्रन अस्पताल का है। आरोपी शख्स का नाम गोपाल झा है। सोमवार की सुबह गोपाल अपनी पत्नी और बच्चे के साथ क्लीनिक पहुंचा था।

## पीएम मोदी ब्रिटेन-मालदीव यात्रा पर होंगे रवाना



नई दिल्ली (एजेंसी)। पीएम नरेंद्र मोदी और पीएम कीयर स्टार्मर के बीच गुरुवार को होने वाली बैठक से पहले भारत-ब्रिटेन मुक्त व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने में दोनों देशों के वरिष्ठ अधिकारियों की टीम जुटी हुई है।

कोशिश है कि समझौते को लेकर बुधवार तक शुल्क से जुड़े समस्य मुद्दों पर अंतिम सहमति बन जाए ताकि दोनों प्रधानमंत्री जब द्विपक्षीय बैठक के लिए लंदन में मिले जो उनके समक्ष भारत-ब्रिटेन एफटीए के दस्तावेज पर भी हस्ताक्षर हो जाए।

भारत और ब्रिटेन के बीच स्नञ्ज पर बनेगी बात- वैसे दोनों देशों के प्रधानमंत्रियों ने छह मई, 2025 को ही इस बात की घोषणा कर दी थी कि भारत व ब्रिटेन जल्द ही एफटीए पर हस्ताक्षर करेंगे। कारोबारी मुद्दे पर सहमति के बावजूद भारतीय प्रधानमंत्री ब्रिटिश नेताओं के समक्ष यह दो टूक साफ करेंगे कि रूस से तेल खरीद के मुद्दे पर ब्रिटेन की तरफ से लगाये गये प्रतिबंध को भापरत स्वीकार नहीं करेगा।

पीएम मोदी मंगलवार आधी रात (एक बजे) लंदन की दो दिवसीय यात्रा पर रवाना होंगे। यह उनकी चौथी ब्रिटेन यात्रा होगी। इस बारे में जानकारी देते हुए विदेश सचिव विक्रम मिसरी ने कहा कि दोनों देशों के शीर्ष नेतृत्व के बीच इस बारे में अंतिम सहमति को लेकर मई माह में ही बात हुई थी।

दोनों देशों के बीच एफटीए एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता- भारत-ब्रिटेन एफटीए एक बेहद महत्वपूर्ण समझौता होगा। इसके बाद से ही दोनों पक्षों के बीच लगातार विमर्श हो रहा है। समझौते से जुड़े कुछ कानूनी मुद्दों को अंतिम रूप दिया जा रहा है।

जब मिसरी से पूछा गया कि कितने उत्पादों को शुल्कीय ढांचे से बाहर रखा जा रहा है तो उनका जवाब था, ÷जहां तक मेरी जानकारी है तो टैरिफ लाइन काफी महत्वपूर्ण होगी और बहुत कम उत्पादों को शुल्कीय ढांचे से बाहर रखा जाएगा।

इन मुद्दों पर भी होगी बात - उन्होंने यह भी कहा कि भारत और ब्रिटेन के नेताओं के बीच रूस से ऊर्जा खरीद पर ब्रिटेन और यूरोपीय संघ की तरफ से लगाये गये नये प्रतिबंध पर बात होगी और यहां भारत पहले ही यह स्पष्ट कर चुका है कि उसके लिए अपनी जनता की ऊर्जा जरूरतों को पूरा करना पहली प्राथमिकता है। और इस बारे में किसी तरह का दोहरा मानदंड नहीं होनी चाहिए।

यूरोपीय संघ और ब्रिटेन ने रूस पर लगाए कई प्रतिबंध- सनद रहे कि पिछले हफ्ते यूरोपीय संघ और ब्रिटेन की तरफ से रूस से ऊर्जा खरीद पर एकतरफा प्रतिबंध लगाने की घोषणा हुई है। इसमें रूस से तेल व गैस की बिक्री पर पूरी तरह से प्रतिबंध नहीं लगाया गया है बल्कि रूस किस कीमत पर इनर्जी की बिक्री करेगा, इसकी कीमत घटा दी गई है।

# शादी करने वाली हैं एपल के संस्थापक स्टीव जॉब्स की बेटी ईव जॉब्स, ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट है होने वाला पति



नई दिल्ली (एजेंसी)। दुनिया को तकनीक का नया चेहरा देने वाले एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स की बेटी ईव जॉब्स जल्द ही शादी के बंधन में बंधने वाली हैं। उनकी यह शाही शादी ओलंपिक घुड़सवारी में स्वर्ण पदक विजेता हैरी चार्ल्स के साथ होने जा रही है।

यह शानदार समारोह इस हफ्ते होने वाला है। शादी में 67 लाख डॉलर की लागत से तैयारियां जोरों पर हैं। न्यूयॉर्क पोस्ट की खबर के मुताबिक, इस शादी में अमेरिका की पूर्व उप-राष्ट्रपति कमला हैरिस जैसी बड़ी हस्तियां शामिल होंगी।

कमला हैरिस जॉब्स परिवार की करीबी दोस्त हैं। इतना ही नहीं, मशहूर गायक एल्टन जॉन भी इस शादी में अपनी आवाज का जादू बिखेरते नजर आएंगे।

खुद बनाई अपनी पहचान- स्टीव जॉब्स की जीवनी लिखने वाले वाल्टर इसाकसन ने ईव को मजबूत इरादों वाली और हंसमुख बताया है। उनकी इस चमकती शख्सियत ने न सिर्फ फैशन की दुनिया में बल्कि घुड़सवारी में भी अपनी अलग पहचान बनाई है।

9 जुलाई 1998 को जन्मी ईव जॉब्स कैलिफोर्निया के पालो ऑल्टो में रहती हैं। उन्होंने 2021 में स्टैनफोर्ड यूनिवर्सिटी से बीए की डिग्री हासिल की और फिर न्यूयॉर्क चली गईं। पढ़ाई से पहले उन्होंने फ्लोरिडा के वेलिंगटन में अपर एशलॉन अकादमी में घुड़सवारी सीखी। 2019 में वह 25 साल से कम उम्र के घुड़सवारों में दुनिया की 5वीं सबसे बेहतरीन राइडर थीं।

22 साल की उम्र में रखा मॉडलिंग की दुनिया में कदम- ईव ने 22 साल की उम्र में मॉडलिंग की दुनिया में कदम रखा। उन्होंने ग्लोसियर के हॉलिडे कैंपेन में यूफोरिया की सिडनी स्वीनी और रूपॉल्स ड्रैग रेस की नाओमी स्मॉल्स के साथ डेब्यू किया। 2021 में उन्होंने पेरिस के फैशन ब्रांड कोपर्नी के लिए रनवे पर पहली बार वॉक की।

# 24 घंटे करेगा काम और खुद बदलेगा बैटरी; इंसानों को टक्कर देगा चीन का नया रोबोट वॉल्कर एस2




नई दिल्ली (एजेंसी)। चीन की एक कंपनी ने इंसानों की तरह दिखने वाला रोबोट बनाया है। ताज्जुब की बात यह है कि ये रोबोट बिना इंसानों की मदद के पूरे 7 दिन तक लगातार काम कर सकता है। वहीं, बैटरी डिसचार्ज होने पर यह खुद अपनी बैटरी बदलने में भी सक्षम है, जिसके कारण इसे दुनिया का पहला ऑटोनॉमस रोबोट भी कहा जा रहा है।

चीन की BTECH रोबोटिक्स नामक कंपनी ने यह रोबोट डेवलेप किया है, जिसे वॉल्कर एस2 नाम दिया गया है।

मल्टीटास्किंग में होगा एक्सपर्ट- इस रोबोट का वजन 95 पाउंड यानी लगभग 43 किलोग्राम है, जो 5 फीट 3 इंच लंबा है। UBTECH ने यूट्यूब पर वॉल्कर एस2 का वीडियो भी शेयर किया है। इस रोबोट के 20 ज्वाइंट होने के कारण यह एक समय पर कई काम कर सकता है। इसे वाईफाई या ब्लूटूथ से भी कंट्रोल किया जा सकता है।

इंसानों की तरह करेगा बात- इस रोबोट में 48 वोल्ट की 2 लिथियम बैटरी सिस्टम लगे हैं, जिससे यह 2 घंटे तक काम कर सकता है और 4 घंटे तक खड़ा रह सकता है। इस बैटरी को चार्ज करने में 90 मिनट का समय लगता है। यूट्यूब वीडियो में इस रोबोट को इंसानों की तरह चलते और ग्राहकों से बात करते हुए भी देखा जा सकता है।

बता दें कि UBTECH कंपनी की नींव मार्च 2012 में रखी गई थी। महज 15 सालों में इस कंपनी ने कई मुकाम हासिल कर लिए है। इसकी गिनती दुनिया की बड़ी ह्यूमनॉइड रोबोट और स्मार्ट सर्विस रोबोट बनाने वाली कंपनियों में होती है।

## अब अमेरिकी राजनयिक ने दोहराया... ट्रंप प्रशासन ने भारत-पाक के बीच संघर्ष विराम कराया



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिका के शीर्ष राजनयिक डोरोथी शिया ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की बैठक के दौरान कहा कि ट्रंप प्रशासन ने पिछले दिनों भारत और पाकिस्तान के बीच मध्यस्थता करते हुए तनाव कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

उन्होंने यह भी कहा कि अमेरिका विश्वभर में विवादों की मध्यस्थता और उनके समाधान के लिए प्रतिबद्ध है। बता दें कि अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भी कई बार यह दावा कर चुके हैं कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम करवाया यानी मध्यस्थता की। हालांकि भारत अब तक इस दावे को सिरे से खारिज करता रहा है। पाकिस्तान के उप प्रधानमंत्री और विदेश मंत्री इशाक डार की अध्यक्षता में हुई परिषद की बैठक में शिया ने कहा कि पिछले तीन महीनों में अमेरिकी नेतृत्व ने इजरायल और ईरान, लोकतांत्रिक गणराज्य कांगो और रवांडा, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव कम करने में योगदान दिया है। उन्होंने संयुक्त राष्ट्र के सभी सदस्य देशों से अपील की कि वे भी अपने विवादों का समाधान करने के लिए प्रयास करें। विदित रहे कि पाकिस्तान वर्तमान में सुरक्षा परिषद का अस्थायी सदस्य है और जुलाई माह के परिषद की अध्यक्षता कर रहा है।

## डोनाल्ड ट्रंप का बड़ा हमला... पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर लगाया देशद्रोह का आरोप, इस मामले पर भिड़े


नई दिल्ली (एजेंसी)। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मंगलवार को पूर्व राष्ट्रपति बराक ओबामा पर देशद्रोह का आरोप लगाया है। उन्होंने बिना किसी सुबूत के उन पर रूस के साथ उन्हें झूठे तरीके से जोड़ने तथा उनके 2016 के राष्ट्रपति चुनाव अभियान को कमजोर करने के प्रयास का नेतृत्व करने का आरोप लगाया है।

ओबामा की कोई टिप्पणी नहीं आई- ट्रंप अक्सर ओबामा पर नाम लेकर हमला करते हैं, लेकिन दोबारा राष्ट्रपति बनने के बाद पहली बार ओबामा पर आपराधिक कार्रवाई के आरोपों के साथ उंगली उठाई है। ओबामा के प्रवक्ता ने टिप्पणी के अनुरोध का तुरंत जवाब नहीं दिया है।

ओवल ऑफिस में अपने भाषण के दौरान ट्रंप ने शुक्रवार को अपनी खुफिया प्रमुख तुलसी गबार्ड की उस टिप्पणी पर कटाक्ष किया, जिसमें उन्होंने 2016 के चुनाव में रूसी हस्तक्षेप के एक खुफिया आकलन को लेकर ओबामा प्रशासन के अधिकारियों पर मुकदमा चलाने के लिए उन्हें न्याय विभाग भेजने की धमकी दी थी।

ट्रंप को कमजोर करने के लिए एक देशद्रोही साजिश रची थी- उन्होंने गोपनीय दस्तावेजों को सार्वजनिक किया और कहा कि जो जानकारी वे जारी कर रही हैं, उससे पता चलता है कि 2016 में ओबामा प्रशासन के शीर्ष अधिकारियों ने ट्रंप को कमजोर करने के लिए एक देशद्रोही साजिश रची थी। ट्रंप ने मंगलवार को कहा कि यह साफ है कि वह दोषी है। यह देशद्रोह था। उन्होंने चुनाव को उलझाने की कोशिश की।

# मैंने भारत-पाक के बीच सीजफायर कराया, शेखी बघार रहे थे ट्रंप; भारत ने भी दिया जवाब



नई दिल्ली (एजेंसी)। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने एक बार फिर दावा किया है कि उन्होंने भारत और पाकिस्तान के बीच हाल ही में छिड़ी संघर्ष को रोका था।

उन्होंने कहा कि इस टकराव में पांच विमान मार गिराए गए और यह संघर्ष परमाणु युद्ध में तब्दील हो सकता था। ट्रंप ने व्हाइट हाउस में एक समारोह में यह बात कही, जहां उन्होंने दावा किया कि उनकी वजह से कई देशों में युद्ध टल गए।

ट्रंप ने कहा, हमने भारत और पाकिस्तान, कांगो और रवांडा के बीच संभावित जंगें रोकीं। भारत-पाकिस्तान में पांच विमान मार गिराए गए थे, दोनों देश बार-बार एक-दूसरे पर हमला कर रहे थे। मैंने दोनों को फोन किया और कहा, सुनो, अब कोई व्यापार नहीं होगा। अगर तुमने ऐसा किया तो हालत अच्छी नहीं होगी। दोनों देश परमाणु ताकत वाले हैं और यह जंग कहीं और जा सकती थी। मैंने इसे रोका।

पांच प्लेन गिराए जाने को लेकर ट्रंप ने किया दावा- पिछले हफ्ते भी ट्रंप ने कहा था कि भारत-पाकिस्तान के बीच पांच जेट विमान मार गिराए गए। उन्होंने रिपब्लिकन सीनेटरों के लिए आयोजित एक डिनर में कहा, यह टकराव और बिगड़ रहा था। ये दोनों गंभीर परमाणु देश हैं और एक-दूसरे पर हमले कर रहे थे।

ट्रंप ने यह भी दावा किया कि उन्होंने ईरान की परमाणु क्षमता को खत्म किया और कोसोवो-सर्बिया के बीच भी टकराव को रोका है। उन्होंने तंज कसते हुए कहा, क्या (पूर्व राष्ट्रपति जो) बाइडन ऐसा कर सकते थे? मुझे नहीं लगता। क्या उन्हें इन देशों के नाम भी पता हैं? मुझे नहीं लगता।

# भाड़ में जाओ इंडियन, ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र की बेरहमी से पिटाई; अस्पताल में भर्ती



नई दिल्ली (एजेंसी)। ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र को बुरी तरह से पीटा गया, नस्लीय टिप्पणी की गई और उसे अधमरी हालत में तड़पते हुए छोड़ दिया गया। यह हैरान करने वाला मामला ऑस्ट्रेलिया के एडीलेड से सामने आया है, जहां कार पार्किंग के दौरान यह सनसनीखेज घटना देखने को मिली।

ऑस्ट्रेलिया टुडे के अनुसार, चरणप्रीत सिंह अपनी पत्नी के साथ शनिवार की शाम को घूमने निकले थे। रात को लगभग 9:22 बजे वो एडीलेड के किंटोर एवेन्यू के पास से गुजर रहे थे। तभी कुछ लोगों ने भारतीय होने की वजह से उनपर हमला कर दिया।

चरणप्रीत ने सुनाई आपबीती- चरणप्रीत सिंह ने पुलिस को बताया कि आरोपी उनपर नस्लवादी टिप्पणी कर रहे थे। इसके बाद उन्होंने बिना किसी वजह के मारना शुरू कर दिया। चरणप्रीत के अनुसार, वो सिर्फ इतना कह रहे थे कि भाड़ में जाओ, भारतीय और इसके बाद उन्होंने मुझपर थप्पड़ और घूंसे बरसाने शुरू कर दिए। मैंने भी उनपर पलटवार करने की कोशिश की, लेकिन वो मुझे तब तक मारते रहे जब तक मैं बेहोश नहीं हो गया।

चरणप्रीत सिंह का कहना है, इस तरह की चीजें जब आपके साथ होती है तो लगता है कि अपने देश वापस चले जाना चाहिए। आप खुद को तो बदल सकते हैं लेकिन अपने रंग को नहीं बदला जा सकता है।

इस घटना का वीडियो भी सोशल मीडिया पर सामने आया है, जिसमें 5 आरोपी चरणप्रीत सिंह को बेरहमी से पीटते दिखाई दे रहे हैं।

# आतंकवाद में डूबा रहा, बार-बार कर्ज लेने की फितरत; UN में भारत ने पाकिस्तान को सुनाया




नई दिल्ली (एजेंसी)। यूनाइटेड नेशन में भारत के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत पार्वथानेनी हरीश ने पाकिस्तान पर तीखा हमला बोला और कहा कि वह कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है।

यह बयान उन्होंने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की एक चर्चा के दौरान दिया। इस चर्चा का विषय था बहुपक्षीयता और शांतिपूर्ण तरीके से विवादों का समाधान। हरीश ने भारत और पाकिस्तान की तुलना करते हुए कहा, ÷एक तरफ भारत है, एक परिपक्व लोकतंत्र, उभरती अर्थव्यवस्था और समावेशी समाज। दूसरी तरफ पाकिस्तान है, जो कट्टरता और आतंकवाद में डूबा हुआ है और बार-बार IMF से कर्ज लेने वाला देश है।

उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि अंतरराष्ट्रीय शांति और सुरक्षा की बात तब तक बेमानी है, जब तक आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति नहीं अपनाई जाती।

उन्होंने पाकिस्तान पर निशाना साधते हुए कहा, यह शर्मनाक है कि सुरक्षा परिषद का एक सदस्य देश दूसरों को उपदेश देता है, जबकि खुद उन गलत हरकतों में लिप्त है, जो अंतरराष्ट्रीय समुदाय को स्वीकार नहीं।

पहलगाम आतंकी हमले का जिक्र- हरीश ने हाल ही में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले का जिक्र किया, जिसमें 26 पर्यटकों की जान चली गई। उन्होंने कहा, अच्छे पड़ोसी के सिद्धांतों का उल्लंघन करने और सरहद पार आतंकवाद को बढ़ावा देने वाले देशों को इसकी भारी कीमत चुकानी होगी।

# बिना शर्त पति से माफी मांगें, IPS अधिकारी को सुप्रीम कोर्ट का आदेश



नई दिल्ली (एजेंसी)। देश की शीर्ष अदालत ने एक आईपीएस अधिकारी को अपने पूर्व पति और ससुराल के लोगों से बिना शर्त माफी मांगने को कहा है। अदालत ने यह आदेश महिला आईपीएस द्वारा पति और ससुराल के लोगों के खिलाफ दायर आपराधिक मामलों से जुड़े एक मामले में सुनाया है।

सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि आईपीएस द्वारा दायर मामलों के कारण उसके पति को 109 दिन और ससुर को 103 दिन जेल में बिताने पड़े। अदालत ने कहा कि उन लोगों ने जो कुछ भी सहा है, उसकी भरपाई किसी तरह से नहीं की जा सकती। यह आदेश चीफ जस्टिस बीआर गवई और जस्टिस एजी मसीह की बेंच ने सुनाया।

सुप्रीम कोर्ट में पहुंचा था मामला- दरअसल एक महिला आईपीएस अधिकारी ने अपने पति से तलाक और गुजारे भत्ते के लिए फैमिली कोर्ट में आवेदन दिया था। इसके अलावा उसने अपने पति और ससुराल के लोगों के खिलाफ अलग-अलग आपराधिक मामले भी दायर किए थे। उसके पति ने भी क्रॉस केस दर्ज कराए थे।

दोनों की तरफ से मामले को अपने न्याय क्षेत्र में ट्रांसफर करवाने के लिए सुप्रीम कोर्ट में आवेदन दिया गया था। सुप्रीम कोर्ट ने पाया कि आईपीएस ने वैवाहिक विवाद के बाद अपने पति के खिलाफ झूठे मुकदमे दर्ज कराए थे। इसके बाद अदालत ने आदेश देते हुए सभी मामलों को रद कर दिया।

दंपति 2018 से ही अलग रह रहे थे, इसलिए पीठ ने विवाह को भी भंग कर दिया और बेटी की कस्टडी आईपीएस को देते हुए कहा कि पति और ससुराल के लोग उससे मिल सकेंगे।

## पहले धमकाया फिर कर दिया हमला... ठाणे में हुआ पार्किंग को लेकर विवाद तो शिंदे सेना के नेता ने तान दी तलवार



नई दिल्ली (एजेंसी)। मुंबई के पास ठाणे में उप मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की शिवसेना के एक नेता को पुलिस ने हिरासत में लिया है। आरोप है कि पार्किंग विवाद को लेकर इस नेता ने एक शख्स पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट आई।

ठाणे के सागर नगर से एक छोटा सा वीडियो सामने आया है, जिसमें शिंदे गुट के एक नेता ने तलवार निकालते हुए देखा जा सकता है। ठाणे को एकनाथ शिंदे का गढ़ भी कहा जाता है।

दो लोगों ने मिलकर किया हमला- आरोपी की पहचान आकाश भालेराव के रूप में हुई है, जो शिंदे वाली शिवसेना की एक यूनिट का प्रमुख है। इसमें आकाश के एक सहयोगी सूरज हजारे की भी संलिप्तता बताई जा रही है।

क्या लगा है आरोप- आरोप है कि भालेराव ने पहले पीड़ित को धमकाया और जब बहस बढ़ गई तो उस पर हमला कर दिया, जिससे उसके सिर में चोट लग गई। फिलहाल पुलिस ने भालेराव और उसके सहयोगी हजारे को हिरासत में ले लिया है। आगे की कार्रवाई के लिए दोनों को वागले एस्टेट पुलिस स्टेशन ले जाया गया है।

## बेंगलुरु बस स्टैंड पर विस्फोटक सामग्री मिलने से मचा हड़कंप, बम निरोधक दस्ता मौके पर मौजूद



नई दिल्ली (एजेंसी)। बेंगलुरु में एक सरकारी बस स्टैंड पर भारी मात्रा में बम विस्फोटक मैटेरियल बरामद हुआ है। बस स्टैंड के टॉयलेट के पास एक प्लास्टिक बैग में 6 जिलेटिन की छड़ें और डेटोनेटर मिले, जिसके बाद हड़कंप मच गया और आनन-फानन में बम निरोधक दस्ते को बुलाया गया।

यह बरामदगी कलासिपाल्या स्थित बेंगलुरु मेट्रोपॉलिटन ट्रांसपोर्ट कॉर्पोरेशन से की गई। बम निरोधक दल और पुलिस घटनास्थल पर मौजूद हैं।

पुलिस ने क्या कहा- बेंगलुरु के पश्चिमी डिवीजन के पुलिस उपायुक्त एस गिरीश ने कहा, कलासीपल्या बीएमटीसी बस स्टैंड पर शौचालय के बाहर एक कैरी बैग में छह जिलेटिन की छड़ें और कुछ डेटोनेटर (दोनों अलग-अलग) पाए गए। एफआईआर अभी दर्ज नहीं की गई है। दरअसल, कुछ लोगों ने शौचालय के बाहर एक प्लास्टिक का कैरी बैग देखा तो इसकी सूचना पुलिस को दी गई। जब इसकी जांच की गई तो उसमें डेटोनेटर और जिलेटिन की छड़ें मिलीं, जिसके बाद हड़कंप मच गया। फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और पूरे इलाके को सील करके चेकिंग की जा रही है।

## बीवी को मनाने के लिए भतीजे की दे दी बलि, काले जादू के चक्कर में फंसकर किया ऐसा काम; जानकर कांप जाएगी रूह



नई दिल्ली (एजेंसी)। राजस्थान के अलवर जिले में एक ऐसा खौफनाक घटना ने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। एक शख्स ने अपनी बीवी को मनाने के लिए अपने छह साल के मासूम भतीजे की जान ले ली। उसने तांत्रिक के कहने पर बच्चे का गला रेत दिया और खून निकालने की कोशिश की।

यह सब एक जादू-टोने के चक्कर में हुआ, ताकि उसकी बीवी वापस घर लौट आए। पुलिस ने हत्यारे चाचा और तांत्रिक को गिरफ्तार कर लिया है। गांव सराय कला में 19 जुलाई को यह हादसा हुआ। मासूम लोकेश उस दिन अचानक लापता हो गया।

उसी शाम उसकी लाश एक सुनसान इमारत में भूसे के ढेर के नीचे मिली। उसका गला काटा गया था और शरीर पर सिरिंज के कई निशान थे। पुलिस का कहना है कि हत्यारों ने खून निकालकर काला जादू करना चाहा।

तात्रिंक का बहकावे में मासूम की ली जान- पुलिस की जांच में पता चला कि लोकेश का चाचा मनोज कुमार इस खौफनाक साजिश का मास्टरमाइंड था। उसने अपने बयान में कई झूठ बोले, लेकिन आखिरकार उसने सच उगल दिया। उसने बताया कि उसकी बीवी कुछ समय पहले झगड़े के बाद मायके चली गई थी। उसे वापस लाने के लिए मनोज ने तांत्रिक सुनील कुमार से मदद मांगी। सुनील ने 12,000 रुपये और एक बच्चे का खून और कलेजा मांगा ताकि जादू-टोना करके बीवी को काबू में किया जा सके।

मनोज अपने भांजे लोकेश को टॉफी दिलाने के बहाने घर से ले गया। फिर उसे गांव की एक टूटी-फूटी इमारत में ले जाकर गला घोंट दिया। उसने सिरिंज से बच्चे का खून निकालने की कोशिश की और लाश को भूसे में छिपा दिया, ताकि बाद में जिगर निकाल सके।

## हमें गलत शव मिले, अहमदाबाद प्लेन क्रैश पर लंदन के दो पीड़ित परिवारों का दावा; विदेश मंत्रालय ने क्या कहा?



नई दिल्ली (एजेंसी)। अहमदाबाद प्लेन क्रैश में अपनो को खोने वाले दो पीड़ित परिवारों ने गलत शव मिलने का दावा किया है। उनका कहना है कि जो शव उन्हें दिए गए, उनकी डीएनए रिपोर्ट परिवार से मेल नहीं खा रहे हैं।

दोनों ब्रिटिश परिवारों का पक्ष रखने वाले वकील जेम्स हेली का कहना है कि 12 जून को हुए प्लेन क्रैश के बाद 12 शवों को ब्रिटेन भेजा गया था। हालांकि दो परिवारों को मिले शवों का डीएनए अलग है।

प्लेन में बैठे 241 यात्रियों की गई थी जान- 12 जून 2025 को अहमदाबाद से लंदन जाने वाला एअर इंडिया का विमान AI171 कुछ सेकेंड बाद ही क्रैश हो गया था। विमान हादसा इतना भयानक था कि 1 यात्री को छोड़कर प्लेन में मौजूद सभी लोग जिंदा जल गए। उनके शवों को पहचान पाना भी मुश्किल हो गया था। ऐसे में ज्यादातर शवों की शिनाख्त डीएनए सैंपल की मदद से की गई और डीएनए मैच होने के बाद शव उनके परिवारों को सौंप दिए गए।

एअर इंडिया पर लगे आरोप- अहमदाबाद प्लेन क्रैश के बाद टाटा ग्रुप ने पीड़ित परिवारों को 1 करोड़ रुपये के मुआवजे का एलान किया था। हालांकि कई परिवारों का दावा है कि मुआवजा देने में आनाकानी की जा रही है। मुआवजे की प्रक्रिया को जानबूझकर जटिल बना दिया गया है।

यूके में कानून के जानकार स्टीवर्ट्स का दावा है- एअर इंडिया मुआवजा देने से पहले हमारे क्लाइंट्स से कुछ सवाल पूछ रही है।

इसके लिए उन्हें कोई मार्गदर्शन भी नहीं दिया जा रहा है। एअर इंडिया पीड़ित परिवारों पर पूरा दबाव बना रही है कि वो मुआवजा लेने से साफ इनकार कर दें।

एअर इंडिया ने किया इनकार- हालांकि, एअर इंडिया ने इन दावों को सिरे से खारिज कर दिया है। एअरलाइन का कहना है, ÷हम पीड़ित परिवारों को जल्द से जल्द मुआवजा देने की कोशिश कर रहे हैं। जरूरतमंद परिवारों को हादसे के फौरन बाद मुआवजा देने की प्रक्रिया शुरू की जा चुकी है।

## अंधेरी सबवे बंद, समुद्र में मिला फ्लोटिंग कंटेनर; मुंबई में भारी बारिश से त्राहिमाम



नई दिल्ली (एजेंसी)। कहते हैं दिन हो या रात, लेकिन मायानगरी की रफ्तार कभी नहीं थमती। हालांकि, अब मुंबई हर तरफ पानी से सराबोर हो चुकी है। मुंबई का सबसे भीड़भाड़ वाला अंधेरी सबवे बंद हो चुका है। पिछले कई दिनों से मुंबई में हो रही मूसलाधार बारिश ने जनजीवन अस्त-व्यस्त कर दिया है।

अंधेरी सबवे बंद- अंधेरी सबवे को मुंबई के अहम रास्तों में गिना जाता है। हर दिन हजारों की संख्या में गाड़ियां इस सबवे से गुजरती हैं। हालांकि, लगातार हो रही बारिश के कारण अंधेरी में पानी भर गया है। सबवे का रास्ता झील में तब्दील हो चुका है, जिसके कारण इसे बंद कर दिया गया है। अंधेरी सबवे का रूट अब गोखले ब्रिज और ठाकरे ब्रिज की तरफ डायवर्ट कर दिया गया है।

बांद्रा में हुआ था हादसा- मुंबई के बांद्रा में भारी बारिश के कारण भरत नगर चॉल ढह गया था। सोमवार की रात हुए इस हादसे में 15 लोग गंभीर रूप से घायल थे। अब उन्हें अस्पताल से डिस्चार्ज कर दिया गया है। हालांकि, उनकी चोटें अभी पूरी तरह से ठीक नहीं हुई हैं। अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद ज्यादातर घायलों ने पड़ोसियों के घर में शरण ली है।

समुद्र में मिला तैरता हुआ कंटेनर- मुंबई में लगातार खराब मौसम और तेज हवाओं के कारण समुद्र भी उफान पर है। इस दौरान विरार के कलंब बीच पर अचानक एक तैरता हुआ कंटेनर देखकर हड़कंप मच गया। कंटेनर में ढेर सारे वॉलपेपर भरे हैं। स्थानीय लोगों ने समुद्र में कंटेनर देखकर फौरन थाने में सूचना दी। पुलिस ने कंटेनर को सीज करके जांच के लिए भेज दिया है।

मुंबई को अभी बारिश से राहत मिलने की संभावना नहीं है। मौसम विभाग ने मुंबई समेत महाराष्ट्र के कई जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। इस लिस्ट में मुंबई के अलावा रायगढ़, ठाणे, रत्नागिरी, सिंधुदुर्ग और पालघर का नाम शामिल है।

दैनिक हिन्दकुश

hindkush.in
24x7 News portal

सर्वे भवन्तु सुखिनः

उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित

jagrayam.com
online news magazine

हिन्दकुश मीडिया

hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# हिन्दकुश

हिन्द : भारत कुश : पवित्र तृण

मानव जीवन में सदैव उतार-चढाव आता है व्यक्ति को कभी इससे घबराना नहीं चाहिए।
पं. श्रीराम शर्मा आचार्य

सर्वे भवन्तु सुखिनः सर्वे सन्तु निरामयाः सर्वे भद्राणि पश्यन्तु मा कश्चिद् दुःख भागभवेत्
सभी सुखी हो, सभी निरोगी रहे, सभी का शुभ हो, कोई भी दुखी न हो।



विक्रम संवत 2079 कृष्ण अमावस्या


## संपादकीय

# मानवीय स्वास्थ्य को लेकर विश्व में दीर्घकालिक मंथन शुरू हो गया है...



वैश्विक स्तरपर जहां एक और दुनियाँ युद्ध के साए में घिरी हुई है, तो दूसरी ओर अब मानवीय स्वास्थ्य को लेकर विश्व में दीर्घकालिक मंथन शुरू हो गया है। क्योंकि वर्षो पुरानी कहावत हेल्थ इज़ वेल्थ अब हर देश के सरकारों को पूरी तरह समझ में आ गई है,इसलिए अब 106 से अधिक देशों ने कार्बोनेटेड ड्रिंक पर विशेष कर या उपकर लगाया जाता है।मैं एडवोकेट किशन सनमुखदास भावनानीं गोंदिया महाराष्ट्र यह मानता हूं कि भारत में तो तंबाकू शराब इलेक्ट्रॉनिक इलेक्ट्रिकल स्मोकिंग डिवाइसेस एनर्जी ड्रिंक्स पर अधिक टैक्स लगाए जाते हैं, परंतु यूएई में इस पर अब 100 पेर्सेंट टैक्स होगा,यानें अब वहां एक जनवरी 2026 से जिस कोल्डड्रिंक या किसी भी पेय पदार्थ में शक्कर अधिक होगी तो उसपर उतना ही अधिक टैक्स लगाया जाएगा, यानें अब टैक्स रिटेल प्राइस पर नहीं बल्कि अधिकतम चीनी प्रयोग पर टैक्स लगाया जाएगा तो, भारत में अभी स्कूलों शासकीय कार्यालयों सार्वजनिक स्थानों सहित हर जगह वसा यांने शक्कर की मात्रा विभिन्न खाद्य पदार्थों में कितनी है उस जानकारी के बोर्ड हर स्थान पर लगाने होंगे, क्योंकि अब पूरी दुनियाँ हेल्थ इस वेल्थ के सूत्र को स्वीकृत कर इस दिशा में तेजी से कदम आगे बढ़ा रही है, इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, मधुमेह मोटापे जैसी जीवनशैली से जुड़ी बीमारियों को कम करने, स्वास्थ्यवर्धक विकल्पों को वित्तीय प्रोत्साहन की वैश्वीकरण नीति लागू करने की ओर कदम बढ़ा दिए गए हैं, इसीलिए सेहत के लिए शक्कर के खिलाफ विश्वयुद्ध, भारत से यूएई तक चीनी कम अभियान शुरू, यूएई में 1 जनवरी 2026 से कोल्डड्रिंक व पेय पदार्थों पर, चीनी आधारित टैक्स लगेगा।

साथियों बात अगर हम चीनी के अधिकतम सेवन से स्वास्थ्य पर नकारात्मक प्रभाव पड़ने की करें तो,वैश्विक स्तरपर, चीनी के अत्यधिक सेवन से स्वास्थ्य पर कई नकारात्मक प्रभाव पड़ते हैं, जिनमें मोटापा, हृदय रोग, टाइप 2 मधुमेह, यकृत रोग और दांतों की सड़न शामिल हैं। इसलिए, चीनी के सेवन को कम करने और स्वास्थ्य को बेहतर बनाने के लिए वैश्विक स्तरपर कार्रवाई शुरू करना महत्वपूर्ण है।चीनी, और विशेष रूप से मीठे पेय पदार्थों की खपत को कम करने के प्रयास में, दुनियाँ भर की सरकारों ने मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने सहित कई रणनीतियां लागू की हैं।मेक्सिको ने 10 पेर्सेंट ÷चीनी कर लागू किया है , जिसके परिणामस्वरूप चीनी- मीठे पेय पदार्थों की खपत में 12पेर्सेंट की कमी आई है। फ्रांस और चिली ने भी इसी तरह के कर लागू किए हैं, जबकि इंडोनेशिया, भारत और फिलीपींस जैसे अन्य देश चीनी पर कर लगाने पर विचार कर रहे हैं।

कैंसर रिसर्च यूके और यूके हेल्थ फ़ोरम की एक रिपोर्ट के अनुसार , ब्रिटेन में चीनी-मीठे पेय पदार्थों पर कर लगाने से अगले 10 वर्षों में 37 लाख लोगों को मोटापे से बचाया जा सकता है। सर्वेक्षण में शामिल आधे से ज़्यादा ब्रिटिश जनता ने इस कर का समर्थन किया है।

साथियों बात अगर हम संयुक्त अरब अमीरात में 1 जनवरी 2026 से मीठे पेय पदार्थों पर अतिरिक्त टैक्स लगाने की करें तो, यूएई मीठे पेय पदार्थों पर एक नया चीनी-सामग्री-आधारित उत्पाद शुल्क लागू करेगा, वित्त मंत्रालय और संघीय कर प्राधिकरण (एफटीए) ने शुक्रवार, 18 जुलाई 2025 को घोषणा की।यह कदम स्वस्थ उपभोग की आदतों को बढ़ावा देने तथा जनसंख्या में चीनी के सेवन को कम करने की व्यापक रणनीति का हिस्सा है।

# लक्ष्मण प्रसाद दुबे



लक्ष्मण प्रसाद दुबे भारत के स्वतंत्रता सेनानियों में से एक थे। शिक्षकीय कर्तव्य को अपनी साधना मानने वाले लक्ष्मण प्रसाद दुबे का संपूर्ण जीवन एक शिक्षक के रूप में बीता था, जिस कारण उन्हें %गुरुजी% के रूप में जाना जाता रहा। उन्होंने अपने जीवन में कई लोगों को शिक्षित कर उनके मन में देशभक्ति की भावना को जागृत किया। वहीं कई लोगों को शिक्षक बनने हेतु प्रेरित भी किया। लक्ष्मण प्रसाद जी देश में नारी स्वतंत्रता एवं नारी शिक्षा के प्रबल पक्षधर थे।

जन्म तथा शिक्षा- लक्ष्मण प्रसाद दुबे का जन्म छत्तीसगढ़ स्थित दुर्ग ज़िले के दाढी गांव में 9 जून, 1909 को हुआ था। वे गांव में प्राथमिक शिक्षा ग्रहण करने के बाद बेमेतरा से उच्चतर माध्यमिक व शिक्षक प्रशिक्षण प्राप्त कर शिक्षकीय कार्य में जुट गये। उनकी पहली नियमित पद स्थापना सन 1929 में भिलाई के माध्यमिक स्कूल में हुई थी। उस समय दुर्ग में स्वतंत्रता आंदोलन का ओज फैला हुआ था। ज्योतिष के विद्वान लक्ष्मण प्रसाद दुबे ने यूनानी चिकित्सा व वैद विशारद की परिक्षा भी पास की थी एवं शिक्षा के साथ चिकित्सा कार्य भी किया।


क्रांतिकारी शुरुआत- भिलाई में शिक्षक के रूप में कार्य करते हुए लक्ष्मण प्रसाद दुबे का संपर्क ज़िले के वरिष्ठ सत्याग्रही नरसिंह प्रसाद अग्रवाल से हुआ। उस समय किशोर व युवजन के अग्रवाल जी आदर्श थे। उनके मार्गदर्शन व आदेश से लक्ष्मण प्रसाद जी भिलाई में अपने साथियों एवं छात्रों के साथ मिलकर मद्य निषेध आंदोलन व विदेशी वस्त्र आंदोलन को हवा देने लगे। उसी समय उन्होंने भिलाई में विदेशी वस्तुओं के साथ जार्ज पंचम का चित्र भी जलाया। बढ़ते आंदोलन की भनक से अक्टूबर, 1929 में भिलाई का मिडिल स्कूल बंद कर दिया गया और उनका स्थानांतरण बालोद मिडिल स्कूल में कर दिया गया। लक्ष्मण प्रसाद दुबे को अपने नेता के साथ रहने का सौभाग्य प्राप्त हो गया, क्योंकि अग्रवाल जी बालोद के मूल निवासी थे।

जंगल सत्याग्रह का नेतृत्त्व- बालोद के ग्राम पोडी में हुए जंगल सत्याग्रह की पूरी रूपरेखा एवं दस्तावेजी कार्य नरसिंह प्रसाद अग्रवाल जी ने इन्हें सौंप दिया था। इन दस्ता?वेजों को दुर्ग पुलिस एवं गुप्तचरों से बचाते हुए जंगल सत्याग्रही व अन्य क्रियाकलापों का विवरण वे एक रजिस्टर में दर्ज करते रहे। अग्रवाल जी के जेल जाने के बाद भी उनके द्वारा जंगल सत्याग्रह को नेतृत्व प्रदान करते हुए कायम रखा गया। वे बतलाते थे कि उस समय सत्याग्रह रैली व सभाओं में 8-10 महिलायें भी आती थीं, जो चरखा लेकर आंदोलन का प्रतिनिधित्व करती थीं।

सत्याग्रही क्रियाकलाप- उन्हीं दिनों सन 1930 में बालोद के सर्किल ऑफीसर नायडू से से लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी की बहस हो गई। तब अग्रवाल परिवार की मध्यस्थता से इनका स्थानांतरण धमधा कर दिया गया। अब इनकी दौड़ बालोद-दुर्ग, धमधा दाढी तक होती रही। वे विश्वनाथ तामस्कर, रघुनंदन प्रसाद सिंगरौल, लक्ष्मण प्रसाद बैद के साथ सत्याग्रह आंदोलन के क्रियाकलापों से जुड़े रहे। नरसिंह प्रसाद अग्रवाल के इस क्षेत्र में दौरे का प्रभार लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी के पास ही होता था। सन 1932 में अग्रवाल जी के दाढी के दौरे में वे रास्ते भर सक्रिय रहे। नरसिंह प्रसाद अग्रवाल युवा सत्याग्रहियों को हमेशा समझाया करते थे कि जोश के साथ होश मत खोना, क्योंकि जोश के कारण सभी बड़े नेता सरकार की हिट लिस्ट में आ गये थे, जिस कारण उनकी गिरफ़्तारी होती रहती थी।

स्वतंत्रता आंदोलन को जीवंत रखने के लिए द्वितीय पंक्ति के सत्याग्रहियों को अपना दायित्व निभाना था, अत~ लक्ष्मण प्रसाद दुबे अपने गांधीवादी नरम रवैये से शिक्षकीय कार्य करते रहे। 1942 में लक्ष्मण प्रसाद दुबे का स्थानांतरण डौंडी लोहारा कर दिया गया। जंगल सत्याग्रह की रणनीति में माहिर लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी के लिए यह स्थान बालोद जैसा ही रहा, क्योंकि यह स्थान जंगलों के बीच है, अत~ वे वहां अपने मूल कार्य के साथ पैदल गांव-गांव का दौरा कर सत्याग्रह का पाठ पढ़ाते रहे। इस बीच उनको मार्गदर्शन नरसिंह प्रसाद अग्रवाल से मिलता रहा।

खानाबदोश जीवन- 1942 में ही जमुना प्रसाद अग्रवाल अपने बडे भाई नरसिंह प्रसाद का संदेश लेकर लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी के पास आये और उन्हें सचेत किया कि आपकी भी गिरफ़्तारी हो सकती है। यहां से वापस लौटते ही जमुना प्रसाद अग्रवाल को बालोद में गिरफ़्तार कर लिया गया और उसी रात लक्ष्मण प्रसाद दुबे को भी गिरफ़्तार करने का आदेश डौंडी में जारी कर दिया गया, जिसे लाल ख़ान सिपाही ने तामील करने के पहले ही लीक कर दिया और लक्ष्मण प्रसाद दुबे जी स्कूल का त्यागपत्र मित्रों के हाथ सौंपकर फरार हो गये एवं बालोद आ गये। जहां से वे भूमिगत हो गए। रायपुर के प्रमुख सक्रिय स्वतंत्रता संग्राम सेनानी मोतीलाल जी त्रिपाठी से पारिवारिक संबंधों का लाभ इन्हें मिलता रहा और लक्ष्मंण प्रसाद दुबे घुर जंगल क्षेत्र में स्वतंत्रता आंदोलन की लौ जलाते रहे। 1942 से 1947 तक ये खानाबदोश जीवन व्यतीत करते रहे। दुर्ग ज़िले के ग्रामीण क्षेत्रों में पैदल घूम-घूम कर सत्या?ग्रह-शिक्षा का अलख जगाने के कारण ये गिरफ़्तारी से बचे रहे।



# अदाणी बनाएंगे 800 करोड़ की लागत से Paytm का दफ्तर, UP के Noida में इतने एकड़ में बनेगा टेक कैंपस



नई दिल्ली (एजेंसी)। गौतम अदाणी की अदाणी समूह की कंपनी मैनरव्यू डेवलपर्स उत्तर प्रदेश के नोएडा में पेटीएम की पैरेंट कंपनी वन97 कम्युनिकेशंस के लिए आईटी और आईटीईएस कॉम्प्लेक्स का निर्माण करेगी।

पेटीएम ने इसकी जानकारी एक नियामक फाइलिंग में दी। कंपनी को कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए 2018 में नोएडा प्राधिकरण द्वारा नोएडा के सेक्टर 159 में 10 एकड़ की जमीन आवंटित की गई थी।

अब इसी जमीन पर 800 करोड़ रुपये की लागत से अदाणी ग्रुप विजय शेखर की कंपनी के लिए दफ्तर बनाएंगे।

पहले किसी और कंपनी से हुआ था करार- पेटीएम ने फाइलिंग में बताया कि कंपनी ने अब स्वतंत्र रूप से परियोजना को विकसित करने के लिए आगे बढ़कर एक नया कदम उठाया है।

वन97 कम्युनिकेशंस बोर्ड ने अडानी इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड की पूर्ण स्वामित्व वाली सहायक कंपनी मेसर्स मैनरव्यू डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड को इंजीनियरिंग, खरीद और निर्माण (ईपीसी) ठेकेदार के रूप में नियुक्त करने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है।

इससे पहले जनवरी 2024 में वन97 कम्युनिकेशंस के बोर्ड ने कंपनी और एसीई बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स के बीच कॉम्प्लेक्स के विकास के लिए एक संयुक्त विकास समझौते (जेडीए) को मंजूरी दे दी थी। लेकिन प्रोजेक्ट आगे नहीं बढ़ पाया था। ऐसे में अब अदाणी ग्रुप पेटीएम के लिए दफ्तर का निर्माण करेगा।

पेटीएम ने नियामक फाइलिंग में स्पष्ट किया कि एसीई बिल्डर्स एंड प्रमोटर्स के साथ पुराने संयुक्त विकास समझौते पर काम नहीं किया जाएगा। अदाणी ग्रुप रियल एस्टेट में बड़े-बड़े प्रोजेक्ट्स पर पहले से ही अलग-अलग शहरों में काम कर रही है। अब नोएडा में भी अपनी उपस्थित दर्ज करवा ली है।

वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड ने 22 जुलाई को 30 जून 2025 को समाप्त तिमाही के नतीजे जारी किए थे। कंपनी को इस तिमाही में 123 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा हुआ था। एक साल पहले इसी तिमाही में कंपनी को 839 करोड़ रुपये का शुद्ध घाटा हुआ था।

## कोलगेट कंपनी के शेयरों में भारी गिरावट, एक दिन में 100 रुपये टूटा भाव





नई दिल्ली (एजेंसी)। कोलगेट पामोलिव (इंडिया) के शेयर 23 जुलाई को 4.50 फीसदी तक गिर गए। शेयरों में यह भारी गिरावट Q1 के नतीजों के बाद आई है। दरअसल, कंपनी के मुनाफे में सालाना आधार पर करीब 12 फीसदी की गिरावट आई है और यह घटकर 321 करोड़ रुपये रह गया। वहीं, कंपनी के प्रोडक्ट्स की बिक्री भी FY25 के त्त्का में 1,486 करोड़ रुपये से 4.4 प्रतिशत घटकर 1,421 करोड़ रुपये रह गई। ऑपरेशन से रेवेन्यू भी 4.3 प्रतिशत घटकर 1,433 करोड़ रुपये रह गया, जबकि कुल आय पिछले वर्ष की इसी तिमाही के 1,496.71 करोड़ रुपये से घटकर 1,433 करोड़ रुपये हो गई।

कंपनी के शेयर 22 जुलाई को 2380 रुपये के आसपास बंद हुए थे और 23 जुलाई को गिरकर 2282 रुपये के स्तर पर पहुंच गए। ऐसे में हर शेयर पर निवेशकों को करीब 100 रुपये का नुकसान उठाना पड़ा है।

कोलगेट के शेयरों पर ब्रोकरेज की राय -कोलगेट पामोलिव के तिमाही नतीजों के बाद, ब्रोकरेज हाउसेज ने शेयर पर मिली-जुली राय दी है। ग्लोबल ब्रोकरेज फर्म नोमुरा ने शेयर की रेटिंग घटाकर 'REDUCE' कर दी और टारगेट प्राइस 2,350 प्रति शेयर कर दिया।

## ये सोलर कंपनी जल्द लाने वाली है आईपीओ, बेच सकती है 40% तक हिस्सेदारी




नई दिल्ली (एजेंसी)। प्राइमरी मार्केट बहुत जल्द ही नया आईपीओ आने वाला है। ये आईपीओ मेनबोर्ड कैटेगरी का होने वाला है। इस आईपीओ के तहत कंपनी 1500 करोड़ फ्रेश इश्यू और 17.45 मिलियन इक्विटी शेयर्स जारी करने वाली है।

कहा निवेश करेगी पैसा- एक कंपनी आईपीओ रिलीज कर पब्लिक से फंड जुटाने का काम करती है। इसे वे अलग-अलग तरह से निवेश करती है। विक्रम सोलर भी अपने आईपीओ के तहत 793.36 करोड़ रुपये जुटाने की तैयारी में है। इन पैसों का इस्तेमाल कंपनी अपने VSL Green Power के 3000 MW सोलर सेल में लगाएगी।

कब आएगा Vikram Solar IPO- इस बारे में मिली जानकारी के अनुसार आईपीओ को सेबी की तरफ से 29 मई को अप्रूवल मिल चुका था। कंपनी ने 30 सितंबर को सेबी में डीआरएचपी फाइल किया था। विक्रम सोलर शेयर बाजार में अगस्त में लिस्ट हो सकता है।

क्या काम करती है कंपनी- व्रिक्रम सोलर मुख्य तौर पर सोलर पैनल्स बनाने का काम करती है। इनका मैन्युफैक्चरिंग उद्योग तमिलनाडु के पानीयार और पश्चिम बंगाल के फालाकाटा में स्थित है।

विक्रम सोलर के चेयरमैन और मैनेजिंग डायरेक्टर ज्ञानेश चौधरी बताते हैं कि विक्रम सोलर में, हम इस बदलाव को गति देने के लिए प्रतिबद्ध हैं। भारत को स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में निर्भरता से प्रभुत्व की ओर बढ़ना होगा और बढ़ना चाहिए। हमारा सामूहिक चुनौती केवल क्षमता निर्माण करना नहीं, बल्कि विश्वसनीयता स्थापित करना है

सूत्रों के हवाले से कंपनी अपने ज्यादातर प्रोडेक्ट दूसरी कंपनी को बेचा करती है। वहीं लगभग 20 फीसदी उत्पाद रिटेल ग्राहकों को बेचा करती है।

## BSE पर लिस्टिंग की खबर से इस शेयर ने मचाया तहलका ! 1 ही दिन में 20% कराया फायदा




नई दिल्ली (एजेंसी)। कुछ शेयर ऐसे होते हैं, जो पहले किसी एक एक्सचेंज यानी क्ल्स्थ या ह्स्थ पर लिस्ट होते हैं। फिर कुछ समय बाद वे दूसरे एक्सचेंज पर लिस्ट होते हैं। ऐसी ही एक कंपनी है वर्थ पेरिफेरल्स। वर्थ पेरिफेरल्स पहले से केवल NSE पर लिस्टेड है और अब ये BSE पर भी लिस्ट होने की तैयारी में है। इसके लिए कंपनी को BSE से मंजूरी भी मिल गयी है। इसी घोषणा से कंपनी के शेयर में 20 फीसदी की मजबूती आई है।

वर्थ पेरिफेरल्स एक स्मॉल कैप कंपनी है, जिसकी मार्केट कैपिटल 272.22 करोड़ रु है। इसका शेयर NSE पर 144.03 रु के पिछले क्लोजिंग लेवल के मुकाबले आज हल्की गिरावट के साथ 143 रु पर खुला था। मगर BSE पर लिस्टिंग की मंजूरी मिलने से शेयर में तेजी आई और 20 फीसदी अपर सर्किट लग गया।

करीब सवा 3 बजे वर्थ पेरिफेरल्स का शेयर 28.80 रु या 20 फीसदी की मजबूती के साथ 172.83 रु पर है। बता दें कि अभी वर्थ पेरिफेरल्स को BSE पर लिस्टिंग के लिए कुछ जरूरी मंजूरियां लेनी होंगी।

वर्थ पेरिफेरल्स भारत में एक लीडिंग बॉक्स निर्माता है, जिसकी शुरुआत 1996 में हुई थी। ये एफएमसीजी, कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स और रिटेल जैसे अलग-अलग सेक्टरों के लिए बक्से बनाने में एक्सपर्टाइज रखती है। कंपनी रेगुलर स्लॉटेड कंटेनर, डाई-कट बॉक्स, मल्टी-कलर बॉक्स और पार्टिशंस समेत प्रोड्क्ट्स की एक बड़ी रेंज ऑफर करती है।

# Myntra ने दिया धोखा! थोक व्यापार की आड़ में FDI नियमों से खिलवाड़, 1654 करोड़ के गबन को लेकर केस दर्ज




नई दिल्ली (एजेंसी)। फ्लिपकार्ट की सब्सिडरी कंपनी मिंत्रा पर गबन का बड़ा आरोप लगा है। प्रवर्तन निदेशालय ने कंपनी पर भारत के फॉरेन डायरेक्ट इन्वेस्टमेंट नियमों का कथित रूप से उल्लंघन करने पर शिकायत दर्ज की है। ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म पर थोक व्यापार की आड़ में मल्टी-ब्रांड रिटेल ऑपरेशन में शामिल होने का आरोप लगाया गया है।

ईडी के अनुसार, मिंत्रा और उससे जुड़ी संस्थाओं ने मल्टी-ब्रांड रिटेल ट्रेड की गतिविधियाँ संचालित कीं, जबकि उन्होंने होलसेल कैश एंड कैरी बिजनेस के रूप में काम करने का झूठा दावा किया। एजेंसी का कहना है कि इस तरह की गलतबयानी भारत की प्रत्यक्ष विदेशी निवेश नीति का सीधा उल्लंघन है।

1654 करोड़ रुपये का गबन- प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने मिंत्रा डिजाइन्स प्राइवेट लिमिटेड (मिंत्रा) और उसकी संबंधित कंपनियों और उनके निदेशकों के खिलाफ 1654,35,08,981 रुपये के उल्लंघन को लेकर विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम, 1999 के तहत शिकायत दर्ज की है।

ईडी का आरोप है कि मिंत्रा ने 1,654 करोड़ रुपये के विदेशी मुद्रा नियमों का उल्लंघन किया। सरकारी एजेंसी ने कहा कि कंपनी ने अपनी ज़्यादातर बिक्री मेसर्स वेक्टर ई-कॉमर्स प्राइवेट लिमिटेड के ज़रिए की, जो उसी कॉर्पोरेट समूह की एक इकाई है। इसके बाद वेक्टर ने सीधे उपभोक्ताओं को सामान बेचा, और रिटेल लेन-देन को कागज़ों पर थोक ट्रांजेक्शन के रूप में प्रभावी ढंग से छिपाया।

जांचकर्ताओं का आरोप है कि वेक्टर ई-कॉमर्स की स्थापना जानबूझकर कंज्यूमर सेल्स को होलसेल ट्रेड के रूप में प्रस्तुत करके मल्टी-ब्रांड रिटेल पर एफडीआई प्रतिबंधों को दरकिनार करने के लिए की गई थी।

## लूट लो! हर शेयर पर 535 का डिविडेंड दे रही ये कंपनी, यूएस बेस्ड की सब्सिडियरी है





नई दिल्ली (एजेंसी)। इलेक्ट्रॉनिक्स और गाड़ियों के सामान बनाने वाली कंपनी 3रू इंडिया लिमिटेड अब तक का सबसे बड़ा डिविडेंड देने जा रही है। यह अमेरिकी कंपनी 3रू की भारतीय यूनिट है, जिसने अपने शेयर होल्डर्स को हर शेयर पर 5350% यानी 535 रुपए का जबरदस्त लाभांश देने का ऐलान किया है। खास बात यह है कि इसमें फाइनल डिविडेंड के साथ-साथ स्पेशल डिविडेंड भी शामिल है।

दो हिस्सों में बंटेगा 535 का डिविडेंड- एक्सचेंज फाइलिंग के मुताबिक, 535 रुपए का डिविडेंड दो हिस्से में हैं। फाइनल डिविडेंड, जो 10 रुपए की फेस वैल्यू के हिसाब प्रति शेयर 160 रुपए है। और स्पेशल डिविडेंड, प्रति शेयर 10 रुपए की फेस वैल्यू के हिसाब से 375 रुपए दिया जाएगा। ये दोनों डिविडेंड 26 अगस्त 2025 को होने वाली 38वीं त्तरू में शेयरहोल्डर्स की मंजूरी के बाद ही दिए जाएंगे।

दैनिक हिन्दकुश
hindkush.in
24x7 News portal
सर्वे भवन्तु सुखिनः
उज्जैन, इंदौर, भोपाल से प्रकाशित
jagrayam.com
online news magazine
ऑनलाईन संवाददाता/ब्यूरो प्रतिनिधि चाहिए
हिन्दकुश मीडिया
hindkushmedia@gmail.com
jagrayam@gmail.com

# Reels ज्यादा देखना पड़ सकता है भारी... तेजी से बढ़ रहा है इस बीमारी का खतरा, जानें कैसे पाएं छुटकारा नींद का पैटर्न हो रहा गड़बड़



### डोपामिन हिट्स से बढ़ रही बेचैनी

रील्स की तेजी से बदलती क्लिप्स दिमाग को लगातार डोपामिन हिट्स देती हैं। इससे दिमाग बार-बार उसी खुशी की तलाश करता है। जब ये हिट कम होने लगती है, तो व्यक्ति बेचैन और असहज महसूस करने लगता है, जिसे विशेषज्ञ डिजिटल एंजायटी कहते हैं।

ग्वालियर । मनोचिकित्सक डॉ. अतर सिंह के अनुसार, रील्स की लत धीरे-धीरे डूम स्क्रॉलिंग में बदल जाती है। व्यक्ति घंटों तक मोबाइल पर स्क्रॉल करता रहता है, लेकिन उसे संतोष नहीं मिलता। इससे नींद पूरी नहीं हो पाती और अगले दिन थकान, चिड़चिड़ापन और एकाग्रता की कमी महसूस होती है। यह आदत धीरे-धीरे डिप्रेशन और सोशल आइसोलेशन का कारण भी बन सकती है।

### बचाव के उपाय

मनोचिकित्सक डॉ. अमन किशोर का सुझाव है कि सोशल मीडिया के उपयोग पर एक समय-सीमा तय करनी चाहिए। सोने से कम से कम एक घंटा पहले मोबाइल बंद कर देना चाहिए। उसकी जगह किताब पढ़ें, धीमा संगीत सुनें या मेडिटेशन करें।

# सेना की दो टूक चेतावनी... 14 दिन में सुधार करो, वरना NCC यूनिट होगी ब्लैकलिस्ट



जबलपुर। रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय (रादुवि) की लापरवाही अब भारी पड़ सकती है। भारतीय सेना की वन एमपी आर्टी रेजीमेंट एनसीसी ने रादुवि की कार्यप्रणाली से परेशान होकर सीधे राज्यपाल, विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) और नैक (एनएसी) को पत्र लिखते हुए 14 दिन का अल्टीमेटम दिया है। चेतावनी साफ है यदि तय समय में बुनियादी सुधार नहीं किए गए, तो विश्वविद्यालय को एनसीसी यूनिट के लिए ब्लैकलिस्ट कर दिया जाएगा।

### यूनिवर्सिटी पर गंभीर आरोप

एनसीसी कमांडिंग ऑफिसर विक्रांत त्यागी के मुताबिक, विश्वविद्यालय ने एनसीसी के साथ हुए एमओयू (11 दिसंबर 2023) की शर्तों का पालन नहीं किया। इसमें बुनियादी ढांचे से लेकर संचालन तक की जिम्मेदारियां विश्वविद्यालय की थीं। लेकिन अब तक स्टोर रूम, ड्रेस सुविधा, परेड ग्राउंड, समर्पित कक्षा, झंडा अभ्यास क्षेत्र जैसी मूलभूत आवश्यकताएं भी उपलब्ध नहीं कराई गई हैं।सुरक्षा मानकों की अनदेखी

कॉ. विक्रांत त्यागी ने यह भी बताया कि विश्वविद्यालय ने 25 मीटर शॉर्ट-रेंज फायरिंग सुविधा, जो एनसीसी के लिए अनिवार्य है, का इंतजाम नहीं किया। एसोसिएट एनसीसी ऑफिसर (एएनओ) की नियुक्ति तक नहीं हुई है। इसके साथ ही एसएससीडी फंड का आवंटन भी अटका पड़ा है।

### ब्लैकलिस्ट की प्रक्रिया शुरू करने की कही बात

रादुवि को पहले 31 जनवरी 2025 को शोकॉज नोटिस भेजा गया था, फिर 19 अप्रैल को अंतिम चेतावनी दी गई थी जिसकी समय-सीमा 24 अप्रैल थी। लेकिन अब तक विवि प्रशासन से कोई ठोस जवाब नहीं आया। इसलिए सेना ने अब सीधा और कड़ा रुख अपनाते हुए ब्लैकलिस्ट की प्रक्रिया शुरू करने की बात कही है।

### राज्यपाल और यूजीसी से कार्रवाई की मांग

एनसीसी की शिकायत में राज्यपाल और यूजीसी चेयरमैन से आग्रह किया गया है कि रादुवि की एनएसी ए ग्रेडिंग वापस ली जाए, और विवि की मान्यता व फंडिंग पर पुनर्विचार हो। साथ ही जिम्मेदार अधिकारियों पर अनुशासनात्मक कार्रवाई की भी सिफारिश की गई है।

### छात्रों के भविष्य पर संकट

एनसीसी का कहना है कि विवि का यह ढुलमुल रवैया सिर्फ प्रबंधन की विफलता नहीं, बल्कि छात्रों के भविष्य और देश की रक्षा नीति के साथ भी एक बड़ा खिलवाड़ है।

# शहडोल के टीशू प्लांट में ड्यूटी के दौरान मशीन में फंसा कर्मचारी का हाथ, खिंचता चला गया शरीर




शहडोल। जिले के ओरियन्ट पेपर मिल अमलाई में बीती मंगलवार की रात टीशू प्लांट -3 में ड्यूटी कर रहे कर्मचारी मनीष सिंह निवासी पानी टंकी के पास ओपीएम का एक हाथ मशीन में फंसने घायल हो गया है।गंभीर हालत में उन्हें जिला अस्पताल शहडोल लाया गया था,जहां से जबलपुर रेफर कर दिया गया है।जानकारी के अनुसार बीती रात मनीष सिंह ड्यूटी पर काम कर रहे थे। उसी दौरान टीशू प्लांट -3 में उनका एक हाथ मशीन में फंस गया। कुछ ही सेकण्ड में हाथ के साथ उनका पूरा शरीर मशीन की तरफ खिंच गया,जिससे उन्हें चोट लगने साथ तेज झटका भी लगा है।

ड्यूटी में कर्मचारियों को मोबाइल रखने की अनुमति नही होने की वजह से घायल कर्मचारी के बारे तत्काल घटना की सूचना वारिष्ठ अधिकारियों तक नहीं पहुंच सकी,जिसके चलते काफी देर तक घायल कर्मचारी वहीं पड़ा तड़पता रहा। काफी देर बाद उसे पहले स्थानीय मिल के अस्पताल ले जाया गया, जहां प्रारंभिक उपचार देकर शहडोल अस्पताल भेजा गया।मिल कर्मचारियों के अनुसार आए दिन मिल के अंदर घटनाएं होती हैं,जिसकी जानकारी काफी देर बात अधिकारियों तक पहुंचती है,क्योंकि अंदर मोबाइल अलॉव नहीं हैं।पहले मोबाइल की अनुमति थी,लेकिन हर घटना की जानकारी तत्काल बाहर आ जाती थी। इसे देखते हुए प्रबंधन कुछ दिन से ड्यूटी के दौरान कर्मचारियों के मोबाइल रखने पर रोक लगा दी हैं। अब किसी भी घटना की जानकारी जल्दी बाहर नहीं आ पाती है। कई घटनाओं को तो वही दबा दिया जाता है। प्लांट में कार्यरत कर्मचारियों को घटना का जल्दी पता नहीं चल पाता है।

बीती मंगलवार की रात में हुई घटना में भी कुछ ऐसा ही हुआ है। इसका खामियाजा कर्मचारी भुगत रहा है।इतना ही नहीं तीन दिन पहले भी 3 दिन पहले टिपर मशीन में काम कर रहे फिटर राकेश पांडे घायल हो चुके हैं,जिनका उपचार के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। इस घटना के बारे में तो कहीं जानकारी भी नहीं दी गई है। थाना प्रभारी अमलाई जयप्रकाश शर्मा ने बताया कि प्रबंधन के बुधवार की सुबह घटना की जानकारी दी गई है। हम मामले की जांच कर रहे हैं, घायल का उपचार जबलपुर में चल रहा है।

# MP का छोटा वृंदावन... जहां स्वयं विट्ठलनाथ जी ने की कई राधा-कृष्ण मंदिरों की स्थापना

जबलपुर। जबलपुर के गढ़ा क्षेत्र में स्थित पचमठा मंदिर सिर्फ एक धार्मिक स्थल नहीं, बल्कि इतिहास, आस्था और अध्यात्म का संगम है। इसे लघु काशी और वृंदावन का रूप कहा जाए तो अतिशयोक्ति नहीं होगी। यहां भगवान कृष्ण और राधा की ऐसी दुर्लभ प्रतिमा विराजमान है, जिसे किसी मूर्तिकार ने नहीं तराशा बल्कि यह यमुना नदी से प्राप्त हुई मानी जाती है।

माना जाता है कि गोंडकाल में इस क्षेत्र में कई मंदिरों का निर्माण हुआ। विक्रम संवत 1603 के आस-पास संत स्वामी चतुर्भुजदास द्वारा राधा-कृष्ण मंदिर बनवाया गया था, जिसका बाद में जीर्णोद्धार किया गया। मंदिर के चारों ओर शिव मंदिरों का समूह है, जिनका निर्माण गोंड राजाओं ने करवाया। यही मंदिरों का समूह 'पचमठा' कहलाने लगा।मंदिर परिसर में केवल राधा-कृष्ण नहीं, बल्कि द्वादश ज्योतिर्लिंग और हनुमानजी के भी दर्शन होते हैं। यह स्थल भक्तों को सिर्फ दर्शन ही नहीं कराता, बल्कि उन्हें भीतर तक शांति और भक्ति से जोड़ देता है। मंदिर की नक्काशीदार सुंदर बनावट और हरियाली से घिरा वातावरण इसे और भी पवित्र बना देता है।

इतिहासकार डॉ. आनंद सिंह राणा बताते हैं कि जबलपुर (पुराना त्रिपुरी क्षेत्र) शैव मत की प्रमुख नगरी रही है। त्रिपुरेश्वर महादेव, चौंसठ योगिनी, काल भैरव, उमा महेश्वर मंदिर जैसे दर्जनों प्राचीन शिव मंदिर आज भी इस बात की गवाही देते हैं। परंतु रानी दुर्गावती के



शासनकाल में कृष्णभक्त संत विट्ठलनाथ के आगमन के बाद वैष्णव मत का भी प्रभाव बढ़ा।

विट्ठलनाथ जी ने यहां कई राधा-कृष्ण मंदिरों की स्थापना की। इन्हीं से प्रेरित होकर हित हरिवंश द्वारा राधा वल्लभ संप्रदाय की नींव पड़ी। चतुर्भुजदास और दामोदरदास जैसे दो ब्राह्मणों ने इस संप्रदाय को आगे बढ़ाया। चतुर्भुजदास ने जहां साधना की, वहां आज का पचमठा मंदिर स्थापित है।

इस मंदिर से जुड़ी सबसे अद्भुत कथा मुरलीधर की प्रतिमा से जुड़ी है। वृंदावन में संत गिरधरलाल को यमुना नदी में स्नान करते समय यह प्रतिमा प्राप्त हुई थी, जिसे वे गुरु की आज्ञा से जबलपुर लाए और विक्रम संवत 1660 में उसकी प्राण प्रतिष्ठा पचमठा में की गई। मंदिर परिसर में मौजूद शिलालेख इस ऐतिहासिक यात्रा का प्रमाण हैं।

# प्रदेश के 27 जिलों में आज और कल भारी बारिश की चेतावनी, बाकी इलाकों में पड़ेंगी बौछारें

भोपाल। मध्य प्रदेश के अलग-अलग स्थानों पर बनी मौसम प्रणालियों के असर से बंगाल की खाड़ी एवं अरब सागर से नमी आने लगी है। इस वजह से मध्य प्रदेश के अधिकतर जिलों में बादल छाने लगे हैं। इसके साथ ही हल्की से मध्यम बारिश होने लगी है।

बुधवार-गुरुवार को ग्वालियर, चंबल, भोपाल, नर्मदापुरम, जबलपुर, शहडोल संभाग के जिलों में बारिश होने की संभावना है। इस दौरान कहीं-कहीं भारी बारिश भी हो सकती है।

मंगलवार को सुबह साढ़े आठ बजे से शाम साढ़े पांच बजे तक नर्मदापुरम में 15, मलाजखंड में 11, भोपाल में 10, पचमढ़ी में आठ, इंदौर एवं दमोह में पांच, सतना में एक मिलीमीटर बारिश हुई।भारी बारिश की चेतावनी मध्य प्रदेश के 27 जिलों ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, दतिया, अशोकनगर, भिंड, मुरैना, श्योपुर, भोपाल, रायसेन, राजगढ़, सीहोर, विदिशा, नर्मदापुरम, हरदा, बैतूल, जबलपुर, कटनी, नरसिंहपुर, सिवनी, छिंदवाड़ा, बालाघाट, मंडला, डिंडौरी, शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिलों में आज भारी बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी पीके रायकवार ने बताया कि मानसून द्रोणिका वर्तमान में श्री गंगानगर, रोहतक, लखनऊ, वाराणसी, डाल्टनगंज, जमशेदपुर, कोंटाई से होते हुए बंगाल की खाड़ी तक जा रही है।




# इंदौर संभाग के झाबुआ जिले में वृक्षारोपण के लिए मातृधरा अभियान के तहत अनूठी पहल

**महिलाओं ने सावन सोमवार के अवसर पर धार्मिक एवं औषधीय पौधों का रोपण कर आस्था और प्रकृति के समन्वय का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया**

इंदौर। इंदौर संभाग के झाबुआ जिले में कलेक्टर नेहा मीना की पहल पर महिलाओं की भागीदारी से पर्यावरण संरक्षण एवं वृक्षारोपण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से ÷मातृधरा अभियान (नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति)÷ प्रारम्भ हुआ हैं। सावन सोमवार के पावन अवसर पर ÷मातृधरा अभियान÷ अंतर्गत ÷नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति÷ थीम पर मंदिर प्रांगण में एक विशेष पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सावन सोमवार जैसे धार्मिक अवसर पर मंदिर प्रांगण में औषधीय एवं धार्मिक महत्व के पौधों का रोपण किया गया जो न केवल आस्था से जोड़ता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण का भी सशक्त संदेश देता है। जिसमें महिलाओं द्वारा देवल के प्राचीन शिव मंदिर , मेघनगर नाका के परशुरामेश्वर मंदिर , ग्राम खांडियाखाल के



शिव मंदिर परिसर जैसे विभिन्न मंदिर प्रांगण में पौधारोपण किया गया।

इस अवसर पर महिलाओं की सक्रिय भागीदारी देखने को मिली, जिन्होंने तुलसी, बेलपत्र, आंवला, नीम, पीपल जैसे पौधों का रोपण कर आस्था और प्रकृति के समन्वय का अनुपम उदाहरण प्रस्तुत किया। पौधों का चयन विशेष रूप से उनके औषधीय गुणों और धार्मिक महत्ता को ध्यान में रखकर किया गया। कलेक्टर नेहा मीना ने कहा कि मातृधरा अभियान के अंतर्गत नारी शक्ति से प्रकृति को शक्ति के तहत सावन सोमवार के अवसर पर धार्मिक एवं औषधीय पौधों का रोपण का प्रकृति और समाज दोनों को सशक्त बनाने की दिशा में एक प्रेरणादायक कदम है।

उन्होंने कहा कि औषधीय पौधों का रोपण आयुर्वेद और प्राकृतिक चिकित्सा को बढ़ावा देता है, धार्मिक स्थल में होने से अधिक संख्या में लोग प्रेरित होते हैं, नारी शक्ति की भागीदारी सामाजिक चेतना और सामूहिक जिम्मेदारी की मिसाल बनती है, प्रकृति संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयासों का संदेश जाता है। मंदिर परिसर में पौधों का रोपण कर यह संदेश भी दिया गया कि धार्मिक स्थलों को प्रकृति के संग जोड़ा जाए, जिससे आध्यात्मिक ऊर्जा के साथ-साथ पर्यावरणीय संतुलन भी बना रहे।

कार्यक्रम में विभिन्न महिला संगठनों जैसे श्री परशुरामेश्वर रामायण मंडल मेघनगर नाका, महाशक्ति महिला मंडल राणापुर, रानी लक्ष्मीबाई संकुल संगठन बामनिया, अमर ज्योति महिला संघ काकनवानी, थांदला ब्लॉक के खवासा में सीएलएफ समूह एवं बड़ी संख्या आजीविका मिशन की दीदियों के द्वारा पौधारोपण किया गया।

## दस्तक अभियान का शुभारंभ-बाल सुरक्षा के लिए सेहत की दस्तक



इंदौर। प्रदेश के साथ-साथ इंदौर जिले में भी दस्तक अभियान का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर 05 वर्षीय रोहन एवं दिव्या को ह्न्रूत् एवं जिंक टेबलेट दी, 09 माह की इनाया नूर को विटामिन-ए का अनुपूरण किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. माधव प्रसाद हसानी ने हुकुमचंद अस्पताल में दीप प्रज्वलन कर अभियान का शुभारंभ किया। उपसंचालक शिशु स्वास्थ्य डॉ. हिमानी यादव ने आज इंदौर जिले में दस्तक अभियान के दौरान प्रदान की जा रही सेवाओं का निरीक्षण किया, इस दौरान उन्होंने ने ईमली बाजार स्थित आंगनवाड़ी केन्द्र और अलशिफा क्लिनिक सदर बाजार क्षेत्र में गई मैदानी कार्यकर्ताओं तथा हितग्राहियों से संवाद किया और अभियान के दौरान 0 से 05 तक के बच्चों को गुणवत्ता पूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने का आग्रह किया। डॉ. माधव प्रसाद हासानी ने कहा कि दस्तक अभियान के उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए सूक्ष्म कार्ययोजना बनाकर कार्य होंगे। इसके लिए आशा, आंगनवाड़ी तय एएनएम के माध्यम से जिले में चिंहित 0 से 5 साल तक के बच्चों तक घर-घर पहुँचा जायेगा। खासकर हाईरिस्क एरिया, अर्बन स्लम, पहुँचविहीन क्षेत्रों, खानाबदोश आबादी, ईंट भट्टे, बंजारा आबादी तया निर्माणाधीन भवनों में रहने वाले बच्चों पर विशेष ध्यान दिया जायेगा।

## नगरीय निकायों में ई-गवर्नेंस सेवाओं का होगा विस्तार

इंदौर। प्रदेश में नगरीय निकायों को कम्प्यूटरीकृत करने के लिये केंद्रीयकृत वेब आधारित ई-नगर पालिका 2.0 संचालित हो रही है। यह परियोजना डिजिटल इंडिया के उद्देश्य को बढ़ावा देने तथा पारदर्शी एवं त्वरित नागरिक सेवा देने के उद्देश्य से नगरीय निकायों में चल रही है। मध्यप्रदेश ऐसा पहला राज्य है जहां प्रदेश के समस्त नगरीय निकायों को एक सिंगल पोर्टल पर लाया गया है। नगरीय विकास एवं आवास विभाग ने वर्ष 2025-26 में ई-गवर्नेंस-आईटी के माध्यम से नागरिक सुविधाओं के विस्तार की कार्ययोजना तैयार की है।

नगरीय निकायों की सभी सेवाओं को ऑनलाइन नवीन तकनीक से अपग्रेड किया जायेगा। समस्त नगरीय निकायों में नागरिक सेवाओं को ई-नगर पालिका 2.0 पोर्टल एवं मोबाइल एप्लीकेशन के माध्यम से प्रदाय किया जाएगा।

एनालिटिल डेशबोर्ड- नगरीय क्षेत्रों के सतत् और योजनाबद्ध विकास तथा विभागीय कार्यों की प्रभावी मॉनिटरिंग के लिये रियल टाइम डेशबोर्ड विकसित किया जा रहा है। विभाग की एआई गार्ड योजना में आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के प्रयोग किये जाने की भी योजना तैयार की गई है। ई-गवर्नेंस में ज्योग्रोफिकल इन्फॉर्मेशन सिस्टम (जीआईएस) के संयोजन के साथ शहरी विकास और सेवा विस्तार में आधुनिक पारदर्शी और डेटा संचालित बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल की जायेगी।

# किसानों को सुविधापूर्वक, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए - मुख्यमंत्री डॉ. यादव

**उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण पर करें कठोर कार्यवाही**

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि खरीफ 2025 के लिए किसानों को सुविधापूर्वक, व्यवस्थित ढंग से उर्वरक उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए। यूरिया की मांग वाले जिलों में आगामी सात दिवस में प्राप्त होने वाले रैक और उर्वरक वितरण व्यवस्था संबंधी जानकारी का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए। राज्य स्तर से उर्वरक व्यवस्था की लगातार समीक्षा की जा रही है। उर्वरक की कालाबाजारी, अवैध भंडारण, टैगिंग, मिस ब्रांडिंग, अवैध परिवहन पर कठोर कार्यवाही की जाए। विक्रय




केन्द्रों पर कृषकों की अधिक भीड़ होने पर अतिरिक्त काउंटर की व्यवस्था कर विक्रय प्रक्रिया संचालित की जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने यह निर्देश मंगलवार को मंत्रालय में आयोजित सहकारिता, राजस्व और किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की संयुक्त समीक्षा बैठक में दिए। बैठक में इंदौर संभागायुक्त कार्यालय से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह और उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी तथा कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा और अपर कलेक्टर श्री रोशन राय वर्चुअली शामिल हुए।

## नेताजी सुभाष मंच व गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में

**शहीदों की याद में 11 पौधो का रोपण किया गया**

इन्दौर। नेताजी सुभाष मंच व गीता रामेश्वरम् ट्रस्ट एवं अ.भा. स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी संगठन के तत्वावधान में अमर शहीद चन्द्रशेखर आजाद की 119वीं जयंती एवं स्वराज्य मेरा जन्मसिद्ध अधिकार है का उद्घोष करने वाले स्वतंत्रता सेनानी लोकमान्य बालगंगाधर तिलक की 169वीं जयंती के उपलक्ष्य में पौधों को रोपण किया गया।



इस मौके पर महामंडलेश्वर संतश्री नितीनदास मतकर महाराज, अ.भा. कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं पूर्व विधायक सत्यनारायण पटेल, प्रो. राजीव शर्मा विशेष रूप से उपस्थित थे।

श्री पटेल ने अपने उद्बोधन में कहा कि शहीदों ने देश की आजादी के लिए अपनी आहुतियां दी और हमें खुली हवा में सांस लेने को मिल रही है। आज हमारे द्वारा जो पौधे उनकी याद में रोपे गए हैं वह आने वाले कल के लिए सार्थक सिद्ध हों।

## सुंदर-स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का उपहार है पौधरोपण - मुख्यमंत्री



इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि यह सौभाग्य का विषय है कि मध्यप्रदेश में देश के अन्य राज्यों की तुलना में सर्वाधिक वन संपदा विद्यमान है। वृक्ष ही पृथ्वी पर जीवन का आधार हैं। कार्बन डाइऑक्साइड और ऑक्सीजन का परस्पर एक दूसरे पर अवलंबन ही धरा पर जीवन प्रदान करता है। सावन के महीने में पौधारोपण का संकल्प राजधानी की आने वाली पीढ़ियों को सुंदर, स्वच्छ और स्वस्थ पर्यावरण का उपहार है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने मंगलवार को नगर निगम भोपाल और भोजपाल मित्र परिषद के सहयोग से राष्ट्रीय मानव संग्रहालय परिसर में सामूहिक वृहद् पौध-रोपण कार्यक्रम में यह विचार व्यक्त किए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बेल-पत्र का पौधा रोपा एवं स्कूली विद्यार्थियों द्वारा पौधारोपण एवं पर्यावरण जागरुकता का संदेश देती पेंटिंग्स और प्रोजेक्ट्स का अवलोकन किया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने छात्र-छात्राओं से संवाद कर उनका उत्साहवर्धन भी किया। उन्होंने कहा कि अतीत में जो क्षेत्र प्रभावित हुए हैं, वहां दोबारा पौधारोपण करना आवश्यक है। पौधारोपण से प्रभावित क्षेत्र पुनः हरे-भरे और जीवंत हो उठेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने इस पुनीत कार्य में समर्पित संस्थाओं को बधाई और शुभकामनाएं दीं। एक दिवसीय वृहद पौधारोपण कार्यक्रम के तहत भोपाल शहर में 5100 पौधे लगाने का संकल्प लिया गया है।

इस अवसर पर सामाजिक न्याय एवं कल्याण मंत्री श्री नारायण सिंह कुशवाहा, विधायक श्री भगवानदास सबनानी, महापौर भोपाल श्रीमती मालती राय सहित जनप्रतिनिधि, पर्यावरण प्रेमी एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित रहीं।

# राज्य सरकार जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील : मुख्यमंत्री

इंदौर। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अतिवर्षा और बाढ़ की स्थिति में जान-माल की हानि न हो, यह सुनिश्चित करने के लिए समय रहते सूचना-तंत्र की पुख्ता व्यवस्था की जाए। राज्य शासन जनसामान्य की सुरक्षा के प्रति संवेदनशील है। बाढ़ उन्मुख नदियों के लेवल पर लगातार निगरानी रखी जाए, बाढ़ संवेदनशील क्षेत्रों का पूर्व आंकलन कर राहत कैम्प की तैयारी रखें। आवश्यकता होने पर राहत शिविर लगाकर आवास और भोजन उपलब्ध कराया जाए। इन कार्यों में आवश्यकता होने पर सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं का भी सहयोग लिया जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव प्रदेश में अतिवृष्टि एवं बाढ़ के दृष्टिगत आवश्यक तैयारियों की मंत्रालय में समीक्षा कर



रहे थे। बैठक में इंदौर संभागायुक्त कार्यालय से संभागायुक्त श्री दीपक सिंह और उपायुक्त श्रीमती सपना लोवंशी तथा कलेक्टर कार्यालय से कलेक्टर श्री आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त श्री शिवम वर्मा और अपर कलेक्टर श्री रोशन राय वर्चुअली शामिल हुए।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि वर्षाकाल में आने वाले त्यौहारों में उचित व्यवस्था और आवश्यक सावधानियां बरतना जरूरी हैं। आपदाओं से बचाव के संबंध में सामान्य जानकारियों का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए और जनसामान्य को मॉकड्रिल व आपदा प्रबंधन संबंधी प्रशिक्षण में भी शामिल किया जाए। बैठक में राजस्व मंत्री श्री करण सिंह वर्मा, किसान कल्याण एवं कृषि विकास मंत्री श्री एदल सिंह कंषाना, मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।




वन्दे देव उमापतिम सुरगुरुं वन्दे जगत् कारणं, वन्दे पन्नग भूषण मृगधरम
वन्दे पशूनाम्पतिम, वन्दे सूर्य शशांक वहिनयनम वन्दे मुकुंदप्रियम,
वन्दे भक्त जनाश्रयम च वरदम वन्दे शिवम् शंकरं !
भूतभावन बाबा श्री महाकालेश्वर भगवान सभी को आरोग्यता प्रदान करें ।

# “एक पेड़ माँ के नाम” अभियान अंतर्गत पौधारोपण के बाद पौधों के बड़े होने तक उनका विशेष ध्यान रखे-कलेक्टर श्री सिंह

उज्जैन । कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के द्वारा बुधवार को समयावधी पत्रों की समीक्षा बैठक ली गई। कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में एक पेड़ माँ के नाम अभियान की समीक्षा के दौरान जिले में जिला पंचायत एवं जन अभियान परिषद के माध्यम से अभियान के अंतर्गत वृहद स्तर पर पौधा रोपण करने के निर्देश दिए साथ ही उच्च गुणवत्ता के पौधें रोपे जाने के लिए कहा । कलेक्टर ने पौधारोपण के पश्चात समय समय पर फोलोअप लेने और पौधों के बड़े होने तक उनका विशेष ध्यान रखे जाने के निर्देश दिए ।

कलेक्टर द्वारा विगत बैठक के पालन प्रतिवेदन की समीक्षा की गई। उद्यानिकी विभाग को क्षिप्रा नदी के तट पर पौधारोपण करने के लिए कृषकों को पौधे उपलब्ध कराने के लिए कहा गया । बैठक में प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उद्यम उन्नयन योजना अंतर्गत कार्य में लक्ष्य




अनुरूप प्रगति नहीं होने पर उद्ययानिकी विभाग के जिला अधिकारी श्री पप्पु सिंह कनेल पर नाराजगी व्यक्त की वहीं योजना अंतर्गत उद्यानिकि विभाग को गंभीरता से कार्य करने के निर्देश दिए गए ।

किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग की समीक्षा के दौरान खरीफ वर्ष 2025 के अंतर्गत खाद की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए कहा की निजी संस्थाओं की सतत जांच करें व किसी भी प्रकार की अनियमितता होने पर कार्रवाई करें। समीक्षा के दौरान बताया कि जिले में 3218 मिट्रिक टन युरिया व 3094.88 मिट्रिक टन डीएपी का स्टॉक मौजूद है। सभी एसडीएम को खाद वितरण केंद्र पर किसानो की सुविधा के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए । पशुपालन एवं डेयरी विकास विभाग की समीक्षा के दौरान बकरी प्रदाय योजना ,समुन्नत मुर्रा पाडा प्रदाय योजना व आचार्य विद्यासागर योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए ।

शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने सभी बच्चों को पाठ्य पुस्तकें वितरण कार्य की समीक्षा की । बैठक में जिला ?शिक्षा अधिकारी श्री आनंद शर्मा ने जानकारी दी कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव की मंशानुरुप जिले में पाठ्य पुस्तक वितरण का कार्य शत प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । कलेक्टर श्री सिंह ने बैठक में कक्षा 6वी, 9वी और 11वी के नामांकन कार्य की समीक्षा कर कार्य में प्रगति लाने के निर्देश दिए।

समीक्षा के दौरान जानकारी दी गई कि कक्षा 9वी में नामांकन का लक्ष्य अनुसार कार्य तहसील उज्जैन ग्रामिण व तहसील खाचरोद में तीव्र गती से करने के निर्देश संबंधित बीईओ को दिए साथ ही डीईओ को उक्त कार्य पर सतत निगरानी करने के निर्देश दिए ।

# श्रावण महोत्सव में 25 जुलाई से प्रारंभ होगी श्रीमद् भागवत कथा

## महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज कराएंगे श्रीमद् भागवत कथा का रसपान

उज्जैन। वृंदावन के कलाकारों की होगी आकर्षक प्रस्तुतियां, प्रतिदिन जीवन के लिए उपयोगी मंत्र बतायेंगे प्रेमानंदपुरीजी महाराज महाकाल नगरी उज्जैन में श्री श्री 1008 वरिष्ठ महामण्डलेश्वर स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज पंचायती अखाड़ा श्री निरंजनी के सानिध्य में 10 जुलाई से 4 अगस्त तक मनाए जा रहे श्रावण महोत्सव में 25 जुलाई से 31 जुलाई तक श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन किया जाएगा।



श्रावण महोत्सव व्यवस्था प्रमुख महंत आदित्य पुरी महाराज (राजा भैया) एवं सौरभ श्रीवास्तव ने बताया कि श्रावण मास में मनोकामनाओं को पूर्ण करने वाली, मुक्ति, भक्ति, मोक्ष एवं संसार रूपी भवसागर से पार कराने वाली श्रीमद् भागवत कथा सप्ताह का आयोजन 25 जुलाई से 31 जुलाई तक प्रतिदिन दोपहर 1 बजे से 4 बजे तक नक्षत्र होटल, सेन्टपॉल स्कूल के पास होगा। जिसके मुख्य यजमान अग्रवाल परिवार होंगे वहीं 7 दिनों तक भक्तों को स्वामी प्रेमानंद पुरीजी महाराज कथा का रसपान कराएंगे। कथा में वृंदावन के कलाकारों द्वारा प्रतिदिन आकर्षक प्रस्तुतियां दी जाएगी। स्वामी प्रेमानंदपुरी महाराज प्रतिदिन जीवन के लिए उपयोगी मंत्र बतायेंगे साथ ही मंत्र दीक्षा दी जाएगी। आस्था चैनल में कथा का लाईव प्रसारण प्रतिदिन दोपहर 1 से 4 बजे तक होगा। महोत्सव में महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर महारूद्राभिषेक एवं सत्संग प्रवचन 10 जुलाई से 4 अगस्त तक प्रातः 10 बजे से हो रहे हैं। नागपंचमी पर विशेष कालसर्प दोष पूजन 29 जुलाई को प्रातः 8 बजे से महामृत्युंजय महाकाल अर्जीवाले हनुमान मंदिर प्रांगण बड़नगर रोड़ पर होगा।

# पौधा रोपण का इकत्तीस वाँ वार्षिक

उज्जैन। चकोर पार्क में हरियाली अमावस्या के पावन पर्व पर अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवावीग के तत्वावधान में फल तथा फूलों के एक सौ पौधे लगाये गये,इस अवसर पर राष्ट्रीय महामंत्री श्री अनिलसिंह चंदेल जी ने कहाकि पौधा रोपण का निरन्तर यह इकत्तीस वाँ वर्ष है । युवावीग के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष- आनंन्दसिंह खींची ने कहाकि हम पौधारोपण के बाद उसकी निरन्तर देखभाल भी करते है,जिन्हें हराभरा देखकर हृदय में स्वतः प्रसन्नता का भाव आता है । इस अवसर पर प्रमुख रूप से राष्ट्रीय कार्यकारणी सदस्य ठाकुर हरदयालसिंह एडवोकेट, युवावीग के शहर अध्यक्ष लोकेंन्द्र सिंह गौड़,युवाविंग के प्रदेश सचिव दर्शन ठाकुर ,युवाविंग के संभागीय अध्यक्ष राजा ठाकुर, शहर अध्यक्ष अभिषेकसिंहबैस आदि।

# नए आयकर फॉर्म्स में परिवर्तनों पर हुई परिचर्चा




उज्जैन। टैक्स प्रैक्टिशनर एसोसिएशन उज्जैन द्वारा एक महत्वपूर्ण स्टडी सर्कल मीटिंग का आयोजन किया गया। इस सत्र में नए आईटीआर फॉर्म्स में बदलाव और आयकर अधिनियम में संशोधन के कारण कैपिटल गेन की जटिलताएं एवं आयकर रिटर्न में उनकी रिपोर्टिंग जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की गई।

अनुभवी और प्रसिद्ध वक्ता सीए किर्ती जोशी इंदौर ने अपने व्याख्यान से श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया और उनकी विशेषज्ञता और प्रस्तुत शैली ने इस सत्र को और भी प्रभावी बनाया। कार्यक्रम का आयोजन एसोसिएशन के अध्यक्ष सीए नीलेश अग्रवाल के नेतृत्व में किया गया। संचालन टीपीए स्टडी सर्कल के अध्यक्ष सीए भावेश नेरकर ने किया। धन्यवाद ज्ञापन स्टडी सर्कल के कनवीनर एडवोकेट अवि बेन्सन द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एमआईएफपीबी (सेंट्रल ज़ोन) के अध्यक्ष विजय नवलखा और एमपीटीएलबी के उपाध्यक्ष पीके दास सहित कई अनुभवी एडवोकेट्स, चार्टर्ड अकाउंटेंट्स और टैक्स प्रैक्टिशनर्स ने भाग लिया और अपने विचार साझा किए। संस्था अध्यक्ष सीए नीलेश अग्रवाल ने आगे भी नियमित रूप से ऐसे कार्यक्रम होने का आश्वासन दिया।

# सैय्यदी फखरुद्दीन शहीद मौला के उर्स के मौके पर पेथालॉजी लैब का शुभारंभ किया



उज्जैन। सैय्यदी फखरुद्दीन शहीद मौला के उर्स के मौके पर कमरी मार्ग कमरी स्थित नजमी मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम में जो कि पिछले 50 वारसो से लोगो की जरूरी मेडिकल सेवा केर रहा हे, उसी क्रम में नजमी पेथालॉजी लैब प्रारंभ करने हेतु आमिल साहब शेख मोइज भाई जमाली, मजारे नजमी के प्रबंधक शेख यूनुस भाई, शेख इस्माईल भाई मैमून (बड़वाह वाला) और नजमी मेटरनिटी के सदस्या और स्टाफ सदस्य उपस्तिथ रहे। शुभारंभ के दौरान 76 लोगो की ब्लड टेस्ट सीबीसी, आरबीएस और लिपिड प्रोफाइल की सेवा की गई। यह जानकारी नजमी मेटरनिटी के पीआरओ यूनुस भाई ने दी।

# श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल ओर महिला मंडल की साधारण सभा संपन्न

## लिया निर्णय, जगन्नाथ पुरी में होगी भागवत कथा

उज्जैन। श्री वल्लभ वैष्णव मंडल, युवा मंडल ओर महिला मंडल की नवीन सत्र की प्रथम वार्षिक साधारण सभा का आयोजन मंडल के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर के नेतृत्व में किया गया।

वार्षिक साधारण सभा में सदस्यों के लिए महिला मंडल की नूपुर नीमा, मनीषा नागर, वर्तिका नागर, अदिति नीमा, ऋचा नीमा, हेतल शाह, शुभांगी नीमा द्वारा खेलकूद व कपल गेम का आयोजन किया गया। मीडिया प्रभारी दीपक राजवानी ने बताया कि सभी सदस्यों ने भरपूर आनंद लिया। स्वागत उद्बोधन संस्था के पूर्व अध्यक्ष राजेंद्र शाह द्वारा किया गया। संस्था के संस्थापक संयोजक विट्ठल नागर द्वारा दो वर्ष में मंडल द्वारा किये गए कार्यों को सदन में रखा ओर आगामी कार्य योजना पर चर्चा की



गई। साथ ही वर्ष 23-24, 24-25 का आर्थिक लेखा जोखा युवा मंडल के पूर्व अध्यक्ष विशाल नीमा द्वारा प्रस्तुत किया गया। साथ ही यह निर्णय लिया गया कि जगन्नाथ पुरी में मंडल द्वारा भागवत कथा का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर संस्था के नवीन सदस्यों का सम्मान किया गया एवं विजेताओं को पुरस्कार वितरण किए गए। आभार संस्था के अध्यक्ष आनंद पुरोहित द्वारा किया गया। सभा में आगामी रास गरबा 2025 व भागवत कथा का भव्य आयोजन एवं दिसंबर माह में रक्तदान शिविर का आयोजन पर सहमति प्राप्त हुई। कार्यक्रम संयोजक पवन त्रिपाठी, अमित घारीया, अंतेश नीमा, विपुल नागर, दीपा नागर, ज्योति नागर, कविता नीमा, सुरभि जवेरी थे। इस अवसर पर संस्था के श्याम माहेश्वरी, सुदेश नीमा, जयेश श्रॉफ, अमित नागर, अमर दिसावल, नितिन नीमा, मनीष नागर, रमेश चतुर्वेदी आदि विशेष रूप से उपस्थित थे।

# एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप भूटान में गोल्ड मेडल विजेता अफराज का राज्यपाल ने किया सम्मान

उज्जैन। कर्मशील युवा भारत की चमचमाती तलवार है। अनुशासन, नियमित व्यायाम, शारीरिक नियंत्रण, निष्ठा, कर्म के प्रति प्रतिबद्धता, संकल्पवान खिलाड़ी ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तिरंगे को फहराते हैं।

उक्त कथन कर्नाटक के राज्यपाल महामहिम थावरचंद गहलोत ने उज्जैन के बॉडीबिल्डर अफराज खान के एशिया बॉडीबिल्डिंग चैंपियनशिप भूटान के गोल्ड मेडल प्राप्त करने पर सम्मानित करते हुए व्यक्त किये। सम्मान समारोह में बॉडीबिल्डिंग के राष्ट्रीय निर्णायक, राष्ट्रपति अवार्ड प्राप्त शैलेंद्र व्यास स्वामी मुस्कुराके, पत्रकार शमशाद खान विशेष रूप से उपस्थित थे। वहीं बॉडी केयर जिम के संचालक अमित कनौजिया, अफराज के पिता इरशाद खान, युवा पत्रकार उमर खान, वसीम भाई साफे वाले, अफरोज के बड़े भाई एवं उनके बड़े पापा अमिन कुरैशी विशेष रूप से उपस्थित थे।



स्वामी हिन्दकुश मीडिया के लिए संपादक, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती सीमा वशिष्ठ द्वारा 124, महाश्वेता नगर उज्जैन, (म.प्र.) से प्रकाशित तथा 6 निर्माण नगर उज्जैन, (म.प्र.) से मुद्रित, मो. 09826322221, परम चैतन्य 09329640700 Email : hindkushmedia@gmail.com